# नेशनल प्रेस टाइम्स




नई दिल्ली, शनिवार
22 फरवरी 2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 10, अंक : 336 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


## अरविंदर सिंह लवली होंगे सदन में प्रोटेम स्पीकर

नई दिल्ली । सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 24 फरवरी को दिल्ली विधानसभा सत्र की शुरूआत होगी और 25 फरवरी को लंबित 14 सीएजी की रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा जाएगा।

भाजपा विधायक और पूर्व दिल्ली विधानसभा नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि अरविंदर सिंह लवली सदन के प्रोटेम स्पीकर होंगे। गुप्ता ने गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक के बारे में कहा कि मुख्यमंत्री के साथ बैठक में इस बात पर चर्चा हुई है कि आगे की कार्यवाही कैसे आगे बढ़ाई जाए।


**कौन होता है प्रोटेम स्पीकर?**-प्रोटेम स्पीकर सदन का एक अस्थायी अध्यक्ष होता है जो सीमित अवधि के लिए और पूर्णकालिक अध्यक्ष के चुनाव होने तक सदन की कार्यवाही का संचालन करता है। गुप्ता ने बता करते हुए आगे कहा कि नई सरकार नए उत्साह और नए जुनून के साथ सत्ता में आई है।

**शेष पेज 2 पर**

## सीएम योगी का दावा-

# यूपी में छह करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से निकाला

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी के बजट सत्र में सवालों के जवाब देते हुए कहा कि बीते सात वर्षों में हमारी सरकार ने यूपी में छह करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। यूपी अब बीमारू राज्य नहीं है।



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते एक दशक में देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला गया है और हमारी सरकार ने यूपी में छह करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला है। प्रदेश में निवेश आ रहा है। मुझे पूरा यकीन है कि वर्ष 2029 तक यूपी की अर्थव्यवस्था वन ट्रिलियन की हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में महाकुंभ जैसा वैश्विक आयोजन हो रहा है इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सीधे तौर पर तीन लाख करोड़ रुपये का लाभ होगा। जिस प्रदेश को सपा-बसपा और कांग्रेस की सरकारों ने बीमारू राज्य बना रखा था वो अब हर सेक्टर में विकास कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आने से पहले प्रदेश में किसान आत्महत्याएं कर रहा था। अब यूपी गन्ना उत्पादन में, चीनी उत्पादन में और इथेनॉल के उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। किसानों को उनकी फसल के मूल्य का भुगतान समय पर किया जा रहा है। पूरा देश और दुनिया प्रदेश के विकास को लेकर आशान्वित है और हमारे विकास में योगदान देने के लिए तैयार है।

**सब्जियों की महंगाई पर बोले वित्तमंत्री**

सदन में महंगाई पर विपक्ष के सवाल का जवाब देते हुए वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। प्रदेश में पेट्रोल-डीजल पर अन्य राज्यों के मुकाबले सबसे कम वैट लग रहा है। सरकार का पूरा प्रयास है कि किसी को भी कोई तकलीफ न होने पाए। सब्जियों के दाम डिमांड और सप्लाई के आधार पर बढ़ते और घटते हैं। सरकार पूरी तरह से गरीबों के साथ खड़ी है।

# अधिवक्ता संशोधन बिल के खिलाफ सड़कों पर उतरे वकील

## प्रदेश के अलग-अलग जिलों में किया प्रदर्शन



लखनऊ। यूपी के अलग-अलग जिलों में वकीलों ने कार्य बहिष्कार कर अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। श्रावस्ती में बिल की प्रतियां जलाई गईं।

केंद्र सरकार के अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 को लेकर बार एसोसिएशन के नेतृत्व में लखनऊ सहित यूपी के कई जिलों में वकीलों ने प्रदर्शन किया और बिल की प्रतियां जला दीं। इस दौरान उन्होंने काला कानून वापस लो... अधिवक्ता एकता जिंदाबाद... जैसे नारे लगाए। लखनऊ में अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट से लेकर हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा तक मार्च किया। वकील विधानभवन का घेराव करने जा रहे थे। हालांकि, पुलिस ने बैरीकेडिंग लगाकर उन्हें रोक दिया।

**अमेठीः वकील बोले- यह बिल अधिवक्ताओं के लिए फांसी का फंदा है**

अमेठी में वकीलों ने बिल को लेकर नाराजगी जताने के साथ ही तहसील में विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और नारेबाजी करते हुए प्रतियां भी जलाई। अमेठी तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शिव मूर्ति तिवारी के नेतृत्व में अधिवक्ता संघ ने बैठक करते हुए अधिवक्ता संशोधन अधिनियम बिल को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है। अध्यक्ष ने कहा कि पूरे देश के अधिवक्ता समाज के साथ अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 एक धोखा है। **शेष पेज 2 पर**

## होली-दिवाली पर मुफ्त, बाकी 10 सिलेंडर 500 रुपये में देने की तैयारी में दिल्ली सरकार



नई दिल्ली । कैबिनेट मंत्री सिरसा ने कहा कि अगले दो दिन में होने वाली कैबिनेट बैठक में इस पर फैसला लिया जाएगा।

दिल्ली में नई सरकार का गठन हो चुका है और गुरुवार रात को पहली कैबिनेट बैठक भी हो गई। अब भाजपा सरकार के सामने अपने वादों को पूरा करने की चुनौती है। इसको लेकर सरकार में मंथन शुरू हो गया है। इस बीच जानकारी है कि दिल्ली वालों को होली-दिवाली में फ्री सिलेंडर देने की तैयारी करने में सरकार जुट गई है।

**अगले दो दिन में फैसला संभव-** कैबिनेट मंत्री सिरसा ने कहा कि अगले दो दिन में होने वाली कैबिनेट बैठक में इस पर फैसला लिया जाएगा। साथ ही साल के अन्य 10 सिलेंडर 500 रुपये की कीमत पर उपलब्ध कराने का खाका तैयार किया जा रहा है।

**शेष पेज 2 पर**

## 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का शुभारंभ

# यह सम्मेलन आजादी की लड़ाई का सार:पीएम मोदी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तालकटोरा स्टेडियम में शुक्रवार को 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज दिल्ली की धरती पर मराठी भाषा का ये प्रतिष्ठित आयोजन हो रहा है। अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन सिर्फ एक भाषा या एक राज्य तक सीमित नहीं है। मराठी साहित्य सम्मेलन में आजादी की लड़ाई का सार है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तालकटोरा स्टेडियम में शुक्रवार को 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज दिल्ली की धरती पर मराठी भाषा का ये प्रतिष्ठित आयोजन हो रहा है। अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन सिर्फ एक भाषा या एक राज्य तक सीमित नहीं है। मराठी साहित्य सम्मेलन में आजादी की लड़ाई का सार है। 1878 में अपने पहले आयोजन से लेकर अब तक अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन देश की 147 साल की यात्रा का साक्षी रहा है।



पीएम मोदी ने कहा कि आज शरद पवार के निमंत्रण पर मुझे इस गौरवशाली परंपरा में शामिल होने का अवसर मिल रहा है। मराठी भाषा अमृत से भी मीठी है। इसलिए आप मराठी भाषा और मराठी संस्कृति के प्रति मेरे प्रेम से भली-भांति परिचित हैं। मैं आप विद्वानों जितना मराठी में पारंगत नहीं हूं, लेकिन मैंने मराठी बोलने, मराठी के नए शब्द सीखने का निरंतर प्रयास किया है।

उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले, मराठी भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया। भारत और दुनिया में 120 मिलियन से अधिक मराठी भाषी लोग हैं। लाखों मराठी भाषी दशकों से मराठी को यह मान्यता मिलने का इंतजार कर रहे थे। मुझे यह कार्य पूरा करने का अवसर मिला और मैं इसे अपने जीवन का एक बड़ा सौभाग्य मानता हूं। पीएम ने कहा कि आज हम इस बात पर भी गर्व करेंगे कि महाराष्ट्र की इस धरती पर एक महान मराठी भाषी व्यक्ति ने 100 साल पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीज बोए थे। आज यह एक वट वृक्ष के रूप में अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है।

**शेष पेज 2 पर**

## मुझे हल्के में मत लेना, 2022 में टांगा पलटी कर दिया...इशारों-इशारों में शिंदे ने किसे अच्छे से समझा दिया



महाराष्ट्र। विधानसभा में अपने पहले भाषण में मैंने कहा था कि देवेंद्र फड़नवीस जी को 200 से ज्यादा सीटें मिलेंगी और हमें 232 सीटें मिलीं। इसलिए मुझे हल्के में न लें, जो लोग इस संकेत को समझना चाहते हैं, वे इसे समझें और मैं अपना काम करता रहूंगा।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उन्हें हल्के में लेने वालों को चेताया। नागपुर में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, शिवसेना प्रमुख ने कहा कि मुझे हल्के में न लें, जिन लोगों ने मुझे हल्के में लिया है।

उन्हें मैं पहले ही यह कह चुका हूं। मैं एक सामान्य पार्टी कार्यकर्ता हूं, लेकिन मैं बाला साहेब का कार्यकर्ता हूं और सभी को मुझे इसी समझ के साथ लेना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि जब 2022 में लोगों ने मुझे हल्के में लिया तो टांगा पलट गया और मैंने सरकार बदल दी। उन्होंने कहा कि हम आम लोगों की इच्छाओं की सरकार लेकर आए।

**शेष पेज 2 पर**

# महाकुंभ में 24 और 25 को बनेंगे तीन नए कीर्तिमान...

## नदी स्वच्छता का पहले ही बन चुका विश्व रिकॉर्ड

प्रयागराज। महाकुंभ में 24 और 25 को तीन नए कीर्तिमान बनेंगे। नदी स्वच्छता का पहले ही विश्व रिकॉर्ड बन चुका है। अब 2019 में बने अपने तीनों रिकॉर्ड को ही मेला प्रशासन तोड़ेगा।

आस्था के जनज्वार के बीच 24 और 25 फरवरी को महाकुंभ में तीन नए विश्व कीर्तिमान बनेंगे। खास यह कि मेला प्रशासन तीनों अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ेगा, जो कुंभ 2019 में बनाए गए थे।

मेला प्रशासन की ओर से महाकुंभ 2025 में चार विश्व रिकॉर्ड बनाने की योजना बनाई गई है। इनमें से



नदी स्वच्छता का रिकॉर्ड 14 फरवरी को बन चुका है। उस दिन 300 से अधिक स्वच्छता कर्मियों ने एक साथ नदी की सफाई करने का रिकॉर्ड बनाया।

इसके अगले दो दिनों में स्वच्छता एवं हैंड प्रिंटिंग का भी रिकॉर्ड बनाने की योजना बनाई गई थी लेकिन भीड़ को देखते हुए इसे स्थगित कर दिया गया। इससे पहले एक हजार ई-रिक्शा संचालन का रिकॉर्ड बनाने का कार्यक्रम भी भीड़ को देखते हुए टाल दिया गया था।

स्नानार्थियों का रेला अब भी बना हुआ है लेकिन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि स्नान के साथ महाकुंभ का भी समापन हो जाएगा।

**शेष पेज 2 पर**

## उत्तराखंड का बजट — लाख करोड़ के पार बजट और कर्ज...

# 23 फीसदी वेतन-भत्ते, मजदूरी पर होगा खर्च

देहरादून । राज्य के 24 साल के इतिहास में बेशक उत्तराखंड के बजट का आकार 24 गुना बढ़ गया और यह एक लाख करोड़ के पार पहुंच चुका है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बजट भाषण और अपनी प्रतिक्रियाओं में वित्तीय प्रबंधन का जिक्र किया। साथ यह भी कहा कि राज्य के विकास को गति देने के लिए लाभ और हानि की परवाह नहीं करेंगे। मगर सच्चाई यह है कि सरकार के पास विकास की गति को जारी रखने और इसमें रफ्तार बढ़ाने के लिए डबल इंजन का साथ और खुद के दम पर संसाधनों का इंतजाम करना जरूरी और मजबूरी भी है।

राज्य के 24 साल के इतिहास में बेशक उत्तराखंड के बजट का आकार 24 गुना बढ़ गया और यह एक लाख



करोड़ के पार पहुंच चुका है। लेकिन, वित्त विभाग इन अनुमानों में एक अनुमान राज्य की ऋणग्रस्तता का भी है, जो यह संकेत देता है कि बाजार से उठाए जाने वाले कर्ज का ऐसे कार्यों में इस्तेमाल करना होगा जिससे राज्य की परिसंपत्ति में इजाफा हो और उससे सरकार को कुछ आय हो सके। जहां तक राज्य पर कुल कर्ज का अनुमान है, उसके भी एक लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचने का अनुमान है।

बजट के साथ वार्षिक वित्तीय विवरण में बताया गया है कि 2025-26 में इसके 1,06,736 करोड़ पहुंचने का अनुमान है। जारी वित्तीय वर्ष में इसके 89,230.07 करोड़ रहने की संभावना जताई गई है। पूंजी निवेश के लिए केंद्र से मिलने वाले दीर्घ अवधि के ऋण की योजना के चलते राज्य सरकार अब खुले बाजार से ऋण लेने से बच रही है। लेकिन, पुराने ऋणों पर ब्याज के रूप में सरकार ने इस साल 6,990 करोड़ की व्यवस्था की है। करीब 38,470 करोड़ रुपये उसने उधारी और देनदारी के लिए रखे हैं।

**कर्मचारियों के वेतन भत्तों के लिए 19 हजार करोड़**

राज्य कर्मचारियों पर सरकार इस साल 18,197.10 करोड़ रुपये खर्च करेगी। सहायता प्राप्त शिक्षण व अन्य संस्थाओं व कर्मचारियों के वेतन भत्तों के लिए 1,447.26 करोड़ भी रखे गए हैं। कुल मिलाकर यह 19,666 करोड़ हो जाता है। **शेष पेज 2 पर**

# असम के वन मंत्री चंद्र मोहन पटवारी ने सदन में असम के 310 घरेलू हाथी राज्य के बाहर होने की दिए आंकड़े

## मंत्री पटवारी ने हाथियों को वापस लाने में विफलता को किया स्वीकार।

असम, 21 फरवरीः असम में असम विधानसभा के चल रहे बजट सत्र में विभिन्न कारणों से राज्य के कुल 310 घरेलू हाथी वर्तमान समय में अन्य राज्यों में होने की आंकड़े सामने आया है । आंकड़ों के अनुसार, इनमें से बिहार में 162 और उत्तर प्रदेश में 93 हाथी हैं। यह जानकारी असम सरकार के पर्यावरण और वन मंत्री चंद्र मोहन पटवारी ने गुरुवार को विधानसभा के पटल पर विधायक आसिफ मः नजर के एक लिखित प्रश्न के उत्तर में दी। वन मंत्री पटवारी द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, केरल में 13, गुजरात में 12, तमिलनाडु में सात, झारखंड में पांच, कर्नाटक में चार, पश्चिम बंगाल में तीन, महाराष्ट्र में तीन, हरियाणा में तीन, आंध्र प्रदेश में दो, ओडिशा में दो और पंजाब में एक मामला सामने आया है। असम के



मुख्य वन्यजीव अधीक्षक के कार्यालय के तरफ से नौ घरेलू हाथियों को तमिलनाडु के मुख्य वन्यजीव अधीक्षक कार्यालय से वापस लाने के प्रयास किए गए, लेकिन वन मंत्री ने स्वीकार किया कि वर्तमान समय तक किसी भी हाथी को वापस नहीं लाया जा सका है। हाथियों को गुजरात स्थानांतरित करने के संबंध में कांग्रेस विधायक नुरुल हुदा द्वारा गुरुवार को उठाए गए एक लिखित प्रश्न का उत्तर देते हुए, वन मंत्री पटवारी ने कहा कि यह सच नहीं है कि हाथियों को असम से 20 पशु एम्बुलेंस में गुजरात ले जाया गया था और असम से गुजरात में रिलायंस कंपनी चिड़ियाघर में कोई हाथी नहीं दिया गया था। बोटादरवा से कांग्रेस विधायक शिवामणि बोरा द्वारा गुरुवार को उठाए गए अन्य एक लिखित प्रश्न का उत्तर देते हुए, वन मंत्री पटवारी ने कहा कि वर्तमान समय में असम से किसी भी जानवर को गुजरात के जामनगर के 'बनतारा' नामक निजी चिड़ियाघर में नहीं ले जाया गया है। वन मंत्री चंद्र मोहन पटवारी ने बताया कि गुवाहाटी चिड़ियाघर और असम के अन्य हिस्सों से किसी भी जानवर को 'वनतारा' नहीं ले जाया गया है और वर्तमान में, पड़ोसी राज्यों से असम के माध्यम से जानवरों को 'वनतारा' में ले जाने के संबंध में वन विभाग को कोई जानकारी नहीं है।

## सीवर की सफाई करने उतरे दो मजदूरों की दम घुटने से मौत

नई दिल्ली। सभी को एसआरसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां विजय और नंदू को मृत घोषित कर दिया गया और तीसरा अनिल फिलहाल बयान देने की हालात में नहीं है। दिल्ली के नरेला इलाके में शुक्रवार को सीवर की सफाई करने अंदर गए दो मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। जबकि उन्हें बचाने के लिए सीवर में एक मजदूर अचेत हो गया। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वालसन ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 12:15-12.30 बजे दो व्यक्ति विजय मोची पुत्र विष्णु देव निवासी वार्ड नं. 15, चिल्लर चौक, बेगूसराय, बिहार उम्र करीब 36 वर्ष और नंदू पुत्र हरदयाल निवासी गांव संगवार, टीकम गढ़ एमपी उम्र 44 वर्ष पॉकेट 6, नियर मंशा देवी अपार्टमेंट, नरेला में सफाई के लिए सीवर में उतरे।

# कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने किया सांसद रकीबुल हुसैन पर अज्ञात बदमाशों के हमले की कड़ी निंदा

असम, 21 फरवरीः लोकसभा में उपनेता प्रतिपक्ष और जोरहाट से कांग्रेस के सांसद गौरव गोगोई ने धुबरी लोकसभा सांसद तथा असम कांग्रेस के नेता रकीबुल हुसैन ओर उनके पुत्र तंजील हुसैन पर कल गुरुवार को नगांव में हुए बर्बर हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि यह सरकार एक जनप्रतिनिधि की रक्षा करने में विफल रही है। एक लोकसभा सांसद पर दिनदहाड़े व्यस्त बाजार में बदमाशों द्वारा हमलों की घटनाएं हुआ है। बदमाशों के फौज ने सुरक्षाकर्मियों पर भी हमला करके उनके हथियार छीनने की कोशिश की हैं। ये सभी सीन कैमरे में कैद हो गए हैं। हालांकि, असम के मुख्यमंत्री हिमंत



बिस्वा सरमा का यह सुनिश्चित करने से इनकार करना कि को तुरंत गिरफ्तार किया जाए, दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है, सांसद गौरव गोगोई ने कहा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को कम से कम असम पुलिस और बाजार में निर्दोष आम नागरिकों के प्रति अपने संवैधानिक कर्तव्य के बारे में सोचना चाहिए। अगर गुंडे पुलिस से मशीन गन छीनने में कामयाब हो जाते तो आज एक भयावह घटना हो सकती थी।

मुख्यमंत्री का यह रवैया चोरों, डकैतों, तस्करों और हत्या के आरोपियों को ही बढ़ावा देगा। इसके अलावा सांसद गोगोई ने कहा कि लोकतंत्र को खतरा है, असम की जनता ऐसी गुंडाराज संस्कृति से छुटकारा पाना चाहती है।

# पेज एक का शेष...

## यह सम्मेलन आजादी की लड़ाई का सार:पीएम मोदी

मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि लाखों अन्य लोगों की तरह आरएसएस ने मुझे भी राष्ट्र के लिए जीने की प्रेरणा दी है।

पीएम मोदी ने कहा कि मराठी एक सम्पूर्ण भाषा है। मराठी में शूरता भी है, वीरता भी है। मराठी में सौंदर्य है, संवेदना भी है, समानता भी है, समरसता भी है। इसमें अध्यात्म के स्वर भी हैं और आधुनिकता की लहर भी है। मराठी में भक्ति भी है, शक्ति भी है और युक्ति भी है। महाराष्ट्र के कितने ही संतों ने भक्ति आंदोलन के जरिये मराठी भाषा में समाज को नई दिशा दिखाई। गुलामी के सैकड़ों वर्षों के लंबे कालखंड में मराठी भाषा आक्रांताओं से मुक्ति का भी जयघोष बनी।

उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यताओं में से एक है, क्योंकि हमने लगातार नए विचारों को जोड़ा है, नए बदलावों का स्वागत किया है। भारत में दुनिया की सबसे बड़ी भाषायी विविधता इसका प्रमाण है। हमारी यह भाषायी विविधता ही हमारी एकता का सबसे बुनियादी आधार भी है। महाराष्ट्र और मुंबई ने हिंदी फिल्मों के साथ-साथ मराठी फिल्मों का दर्जा बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नई फिल्म 'छावा' इस समय हर जगह सुर्खियां बटोर रही है।

पीएम मोदी ने कहा कि भारतीय भाषाओं में कभी कोई आपसी वैर नहीं रहा। भाषाओं ने हमेशा एक दूसरे को अपनाया है, एक दूसरे को समृद्ध किया है। कई बार जब भाषा के नाम पर भेद डालने की कोशिश की जाती है, तो हमारी भाषाओं की साझी विरासत ही उसका सही जवाब देती है। इन भ्रमों से दूर रहकर भाषाओं को समृद्ध करना, उसे अपनाना हमारा सामाजिक दायित्व है। इसलिए आज हम देश की सभी भाषाओं को मुख्यधारा की भाषा की तरह देख रहे हैं। हम मराठी समेत सभी प्रमुख भाषाओं में शिक्षा को बढ़ावा दे रहे हैं।

इससे पहले पारंपरिक परिधान पहने, ढोल नगाड़ों के साथ साहित्य प्रेमियों ने पुस्तकों की औपचारिक शोभायात्रा निकाली। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार भी उद्घाटन समारोह में मौजूद रहे। 71 साल बाद यह तीन दिवसीय साहित्यिक सम्मेलन दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य मराठी साहित्य की समकालीन प्रासंगिकता और भूमिका को सामने लाना है।

भारत की समृद्ध संस्कृति और विरासत का जश्नः 21 से 23 फरवरी तक चलेगा-यह आयोजन 21 से 23 फरवरी तक चलेगा और भारत की समृद्ध संस्कृति और विरासत का जश्न मनाएगा। यह सम्मेलन पहली बार 1878 में आयोजित किया गया था, जिसके अध्यक्ष प्रसिद्ध विद्वान और समाज सुधारक महादेव गोविंद रानाडे थे। यह सम्मेलन 1926 से लगभग हर साल आयोजित किया जाता रहा है और इसमें विद्वान, समीक्षक तथा साहित्यकार विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए एकत्रित होते हैं।

साहित्यिक कार्यों पर प्रभाव जैसे विषयों पर चर्चा-एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि सम्मेलन में पैनल चर्चा, पुस्तक प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतिष्ठित साहित्यकारों के साथ संवादात्मक सत्र होंगे। इसमें भाषा संरक्षण, अनुवाद और डिजिटलीकरण के साहित्यिक कार्यों पर प्रभाव जैसे विषयों पर चर्चा होगी।

प्रतिष्ठित विद्वान, लेखक, कवि और साहित्य प्रेमी जुटेंगे-आयोजन में पुणे से दिल्ली तक एक प्रतीकात्मक साहित्यिक ट्रेन यात्रा भी शामिल है, जो 1,200 प्रतिभागियों को लेकर चलेगी और साहित्य की प्रगति को दर्शाएगी। इसमें 2,600 से अधिक कविता प्रस्तुतियां, 50 पुस्तक लॉन्च और 100 पुस्तक स्टॉल शामिल होंगे। देश भर के प्रतिष्ठित विद्वान, लेखक, कवि और साहित्य प्रेमी इसमें भाग लेंगे।

## अधिवक्ता संशोधन बिल के खिलाफ सड़कों पर उतरे वकील

यह बिल अधिवक्ताओं के अधिकार का हनन करने वाला है। केंद्र सरकार जबरन अधिवक्ताओं पर यह बिल लाकर शोषण का शिकार बनाने का कार्य कर रही है। अधिवक्ता समाज इसे कदापि बर्दाश्त नहीं करेगा। विरोध प्रदर्शन के माध्यम से केंद्र सरकार को अधिवक्ता समाज सचेत कर रही है कि यदि वह इस बिल को अविलंब वापस नहीं ले रही तो उसके खिलाफ पूरे देश के अंदर अधिवक्ता समाज विरोध करेगा।

प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ता अजीत सिंह ने कहा की एडवोकेट अमेंडमेंट बिल में अधिवक्ताओं के हित का कुछ भी नहीं है। बिल के द्वारा केंद्र सरकार अपने सदस्य नामित कर बार कांउसिल ऑफ इंडिया की स्वायत्तता समाप्त करने के विचार में है। उन्होंने कहा कि संशोधन बिल से अधिवक्ताओं की हड़ताल की शक्ति को छीनने का प्रयास किया जा रहा है। बिल सुझाव लायक नहीं है, यह बिल अधिवक्ताओं के लिए फांसी का फंदा है। संशोधन बिल संविधान के अनुच्छेद 19 (विरोध का अधिकार) के विपरीत है। सरकार अधिवक्ताओं को कमजोर कर न्यायपालिका पर कब्जे का प्रयास कर रही है, जो अधिवक्ता बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस मौके पर बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

श्रावस्तीः न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता- उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आह्वान पर शुक्रवार को जिले के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवक्ता नियमावली संशोधन बिल के विरोध में जहां इकौना तहसील के अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन। वहीं, भिनगा और जमुनहा में भी अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रह अपना विरोध जताया।

## महाकुंभ में 24 और 25 को बनेंगे तीन नए कीर्तिमान...

ऐसे में इससे पहले ही रिकॉर्ड बनाए जाने की योजना बनाई गई है।

इसके तहत 24 फरवरी को स्वच्छता का रिकॉर्ड बनाया जाएगा। मेला प्रशासन की ओर से कुंभ 2019 में 10 हजार सफाई कर्मियों को एक साथ सड़क पर उतारकर स्वच्छता का रिकॉर्ड बनाया गया था। इस बार इसी रिकॉर्ड को तोड़ा जाएगा। 24 फरवरी को 15 हजार स्वच्छता कर्मचारी एक साथ सफाई अभियान चलाएंगे।

इसके लिए उन मार्गों को चुना जाएगा जिन पर स्नानार्थियों का आवागमन पहले से प्रतिबंधित हैं। इनमें अरैल में हेलीपैड मार्ग, परेड में लाल सड़क आदि शामिल हैं। इसके अलावा अखाड़े चले गए हैं। ऐसे में अखाड़ा मार्ग पर भी सफाई कराने की तैयारी है।

हैंड प्रिंटिंग एवं शटल बस संचालन के रिकॉर्ड

इसके अगले दिन 25 फरवरी को हैंड प्रिंटिंग एवं शटल बस संचालन के रिकॉर्ड बनाए जाएंगे। इसके तहत गंगा पंडाल तथा अन्य प्रमुख स्थलों पर कैनवास लगाकर 10 हजार से अधिक लोगों के हैंड प्रिंट लिए जाएंगे।

मेला प्रशासन की ओर से कुंभ 2019 में साढ़े सात हजार लोगों के हैंड प्रिंट लेने का रिकॉर्ड बनाया गया था। इस तरह से मेला प्रशासन इस बार अपना ही रिकॉर्ड तोड़ेगा।

25 फरवरी को ही शटल बसों के संचालन का भी विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा। कुंभ 2019 में 500 बसों के संचालन का रिकॉर्ड बनाया गया था। वहीं इस बार साढ़े पांच सौ से अधिक शटल बसों के संचालन की योजना बनाई गई है। इसके लिए परिवहन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है।

पूर्व में ई-रिक्शा संचालन का रिकॉर्ड बनाने की थी योजना

मेला प्रशासन की ओर से पूर्व में एक साथ एक हजार ई-रिक्शा संचालन का विश्व रिकॉर्ड बनाने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए त्रिवेणी मार्ग चिह्नित किया गया था लेकिन अब इसमें बदलाव किया गया है। अब 550 शटल बसों के संचालन का विश्व रिकॉर्ड बनाने की योजना बनाई गई है।

## मुझे हल्के में मत लेना, 2022 में टांगा पलटी कर दिया...इशारों-इशारों में शिंदे ने किसे अच्छे से समझा दिया

विधानसभा में अपने पहले भाषण में मैंने कहा था कि देवेंद्र फड़नवीस जी को 200 से ज्यादा सीटें मिलेंगी और हमें 232 सीटें मिलीं। इसलिए मुझे हल्के में न लें, जो लोग इस संकेत को समझना चाहते हैं, वे इसे समझें और मैं अपना काम करता रहूंगा।

अभिभावक मंत्री के पद पर असहमति से लेकर परियोजनाओं की निगरानी के लिए अलग-अलग मेडिकल सेल और 'वॉर रूम' की अलग-अलग समीक्षा बैठकें करने तक, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और उनके डिप्टी शिंदे के बीच बेचैनी बढ़ती दिख रही है। भाजपा के नेतृत्व वाले तीन-दलीय गठबंधन द्वारा विधानसभा चुनावों में 288 सीटों में से 230 सीटें जीतने और प्रतिद्वंद्वियों को लगभग खत्म करने के ठीक तीन महीने बाद सत्तारूढ़ महायुति में दरार की चचाएं शुरू हो गई हैं, और कोई भी स्पष्टीकरण या दावा अटकलों को खत्म करने में मदद नहीं कर रहा है। पिछले नवंबर में नतीजे आने के बाद, अपने नेता फड़णवीस को मुख्यमंत्री बनाने के भाजपा के फैसले के बाद, शिव सेना प्रमुख शिंदे को काफी मनाने के बाद उपमुख्यमंत्री पद से संतोष करना पड़ा।

हालाँकि फड़नवीस और शिंदे दोनों ने अपने बीच किसी भी तरह के मतभेद से इनकार किया है और सब कुछ ठीक है के संदेश के साथ एकता की तस्वीर पेश करने की कोशिश की है, लेकिन कई उदाहरण अन्यथा सुझाव देते हैं। रायगढ़ और नासिक जिलों के संरक्षक मंत्रियों पर फैसले से दरार बढ़ती देखी गई। राकांपा विधायक अदिति तटकरे और भाजपा नेता गिरीश महाजन की क्रमशः रायगढ़ और नासिक के संरक्षक मंत्री के रूप में नियुक्ति से शिवसेना नाराज थी। हालांकि दोनों नियुक्तियों को रोक दिया गया है, फिर भी मामला अनसुलझा है। यदि यह पर्याप्त नहीं था, तो मुख्यमंत्री के "वॉर रूम" के अलावा, दोनों डिप्टी सीएम - अजीत पवार और शिंदे - ने उन परियोजनाओं पर नजर रखने के लिए निगरानी इकाइयाँ स्थापित कीं, जो उन जिलों के अंतर्गत आती हैं, जिनके वे संरक्षक मंत्री हैं और विभाग उनकी संबंधित पार्टियों के मंत्रियों द्वारा संभाले जाते हैं।

## होली-दिवाली पर मुफ्त, बाकी 10 सिलेंडर 500 रुपये में देने की तैयारी में दिल्ली सरकार

**महिला सम्मान निधि अगले महीने**

नई सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में ही अपनी प्राथमिकता तय कर दी। अगले 30 दिन में दिल्ली के एक लाख लोगों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया। इसमें 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्ग नागरिक भी शामिल हैं। वहीं, महिला सम्मान निधि अगले महीने अलग से बजट मिलने के साथ लागू कर दी जाएगी।

शहरी विकास : फ्लैट पर भी पीएम आवास का लाभ संभव

शहरी विकास को लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना पर चर्चा हुई। राजधानी के लोगों को इस योजना का लाभ देने के लिए इसमें पक्के घर के साथ फ्लैट्स भी शामिल किए हैं। इसके तहत नए फ्लैट लेने पर लाभार्थी को बैंक कर्ज में करीब 2.60 लाख रुपये तक का लाभ मिल सकता है। हालांकि अंतिम फैसला होना बाकी है।

सभी डिस्पेंसरी बनेंगी आरोग्य मंदिर-पीएचसी

सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, नगर निगम और राज्य सरकार की डिस्पेंसरी अपग्रेड करते हुए आयुष्मान आरोग्य मंदिर-पीएचसी में बदली जाएंगी। पहले 30 दिन में 11 डिस्पेंसरी का लक्ष्य है। केंद्र सरकार की ओर से दिल्ली के कुल 1139 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर मंजूर किए गए हैं। अभी 553 मोहल्ला क्लीनिक हैं, जिन्हें अपग्रेड किया जाएगा और बाकी 413 नए शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए जाएंगे।

## अरविंदर सिंह लवली होंगे सदन में प्रोटेम स्पीकर

बता दें कि वीजेंद्र गुप्ता को नई सरकार में विधानसभा स्पीकर चुना जाएगा।

24 फरवरी से विधानसभा सत्र-सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 24 फरवरी को दिल्ली विधानसभा सत्र की शुरूआत होगी और 25 फरवरी को लंबित 14 सीएजी की रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा जाएगा। सदन का पहला सत्र तीन दिन तक (27 फरवरी) चलेगा। सत्र के पहले दिन नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी।

रेखा की टीम में कौन-कौन?- गुरुवार को रामलीला मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शालीमार बाग विधानसभा की विधायक रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इनके साथ ही दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पार्टी नेता प्रवेश वर्मा और आशीष सूद को भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलवाया। इनके अलावा भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। सिरसा ने पंजाबी में शपथ लिया। भाजपा विधायक रविन्द्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह ने भी दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली।

पहली कैबिनेट बैठक के बाद क्या बोलीं सीएम रेखा गुप्ता-दिल्ली सरकार ने गुरुवार रात आयुष्मान योजना को मंजूरी दे दी। साथ ही, विधानसभा सत्र की पहली बैठक में आप सरकार के कार्यकाल में आई सीएजी की 14 रिपोर्टों को सदन के पटल पर रखा जाएगा। कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली में केंद्र सरकार की लोकप्रिय और जनकल्याणकारी आयुष्मान योजना को लागू किया जाएगा, जिसे आप सरकार ने रोक रखा था। पहली बैठक में कैबिनेट ने इस योजना लागू करने का फैसला किया गया है। इसमें पांच लाख रुपये केंद्र सरकार और पांच लाख रुपये दिल्ली सरकार देगी। केंद्र सरकार की 70 साल की उम्र पूरी कर चुके वरिष्ठ नागरिकों के मुफ्त इलाज की सुविधा अब दिल्लीवालों को मिलेगी। मंजूरी के बाद योजना लागू करने की आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही इसका मसौदा सार्वजनिक कर दिया जाएगा। रेखा गुप्ता के मुताबिक, बैठक में आप सरकार के दौरान आई सीएजी रिपोर्ट पर भी चर्चा हुई। इसकी 14 रिपोर्ट अभी लंबित हैं। विधानसभा की पहली बैठक में इसे सदन में रखा जाएगा।

## 23 फीसदी वेतन-भत्ते, मजदूरी पर होगा खर्च

इसके अलावा सेवानिवृत्त कर्मचारियों व पारिवारिक पेंशनरों के लिए पेंशन 9,917.40 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

**आठवें वेतन पर 22 फीसदी बढ़ेगा खर्च**

वित्तीय विवरण के मुताबिक, कर्मचारियों और अनुदानित संस्थाओं के कर्मचारियों के वेतन का खर्च आठवां वेतन लागू होने पर खासा बढ़ जाएगा। 2026-27 में इसके 10 फीसदी बढ़ने का अनुमान लगाया है लेकिन आठवें वेतन की सिफारिशें लागू होने पर यह खर्च 22 फीसदी बढ़ सकता है। पेंशन खर्च में भी 22 फीसदी की वृद्धि होने का अनुमान है। जारी आंकड़ों के हिसाब से बनाए गए इन अनुमानों के आधार पर सरकार पर अपने संसाधनों को भी बढ़ाने का दबाव रहेगा।

**खुद के संसाधनों से 24 हजार करोड़ कमाई का अनुमान**

सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में खुद के संसाधनों से 24,014.82 करोड़ की आय अर्जित करने का अनुमान लगाया है। शुल्क, उपकर आदि (करेत्तर राजस्व) से उसने 4,395.48 करोड़ का प्रावधान रखा है। इसके अलावा कर राजस्व से उसे 39,917.74 करोड़ की राजस्व प्राप्ति का अनुमान है, जिसमें से केंद्रीय करों में राज्यांश के रूप में उसे 15,902.92 करोड़ मिलने की संभावना है। केंद्र पोषित योजनाओं और अन्य मदों में सरकार ने 18,227.32 करोड़ रुपये की प्राप्ति का अनुमान लगाया है।

**कब-कितना बजट व खर्च**

| वित्तीय वर्ष | बजट |
| --- | --- |
| 2025-26 | 1,01,175.53 करोड़ रुपये |
| 2024-25 (अनुमान) | 89,230.07 |
| 2023-24 (वास्तविक) | 81,409.58 |
| 2022-23 (वास्तविक) | 60,535.64 |
| 2021-22 (वास्तविक) | 50,640 |

**पूंजीगत व्यय व परिव्यय का वर्षवार ब्योरा (करोड़ रु. में)**

| वित्तीय वर्ष | पूंजीगत व्यय | पूंजीगत परिव्यय |
| --- | --- | --- |
| 2025-26 | 41220 | 14763.13 |
| 2024-25 | 33414 | 11768.21 |
| 2023-24 | 34136 | 10982 |
| 2022-23 | 16763 | 81956 |
| 2021-22 | 11711 | 7534 |

(पूंजीगत परिव्यय से ढांचागत विकास हुआ।)

**बढ़ रहा वेतन और पेंशन पर खर्च का ग्राफ**

| वित्तीय वर्ष | वेतन | पेंशन |
| --- | --- | --- |
| 2025-26 | 19664 | 9917 |
| 2024-25 | 19582 | 8140 |
| 2023-24 | 16638 | 7597 |
| 2022-23 | 15883 | 7180 |
| 2021-22 | 14511 | 6364 |

2025-26 के बजट पर एक नजर

1,10,175.33 करोड़ का बजट पेश किया वित्त मंत्री ने

59,954.65 करोड़ रुपये का होगा राजस्व व्यय

41,220.68 करोड़ रुपये का होगा पूंजीगत व्यय

14,763.13 करोड़ अवस्थापना विकास कार्यों पर होंगे खर्च

इस बजट से आमदनी

1,01,034.75 करोड़ रुपये की कुल राजस्व प्राप्तियां

62,540.54 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्तियां

38,494.21 करोड़ की पूंजीगत प्राप्तियां

सरकार पर कुल कर्ज का वर्षवार ब्योरा

| वित्तीय वर्ष | कुल कर्ज |
| --- | --- |
| 2025-26 | 106736 (बीई*) |
| 2024-25 | 94271 (आरई*) |
| 2023-24 | 85914 |
| 2022-23 | 78509 |
| 2021-22 | 77023 |
| 2020-21 | 73751 |
| 2019-20 | 65983 |

( *बीई : बजट अनुमान, आरई : रिवाइज्ड इस्टीमेट)

# स्वच्छता समिति की महिलाओं को दिया स्वच्छ सर्वेक्षण का प्रशिक्षण

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बागपत। आईटीसी मिशन सुनहरा कल अर्बन कोऑर्डिनेटर एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के द्वारा मोहल्ला स्वच्छता समिति की महिलाओं को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 का दिया गया प्रशिक्षण।

आज नगर पालिका परिषद बड़ौत के अधिशासी अधिकारी के निर्देशन पर आईटीसी मिशन सुनाया कल के अर्बन कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार द्वारा ब्रांड एंबेसडर मीनाक्षी सिसोदिया के सहयोग से वार्ड 20 गांधी रोड पर गठित पत्थर मंडी मोहल्ला स्वच्छता समिति की समस्त महिलाओं को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के दौरान ऐप के माध्यम से सिटिजन



फीडबैक के दौरान प्रश्नों की जानकारी दी गई एवं उनको अन्य महिला एवं पुरुषों का फीडबैक लेने के लिए कहा गया। साथ ही उनको आईटीसी के मॉडल सामुदायिक नेतृत्व में विकेंद्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रम के तहत कचरा क्या है, कचरे के प्रकार एवं कचरा प्रबंधन में मोहल्ला समिति की भूमिका, होम कंपोस्टिंग, कम्युनिटी कंपोस्टिंग, कचरा प्रबंधन में वेस्ट कलेक्टर की भूमिका, व्यवहार परिवर्तन के बारे में जानकारी दी गई एवं सभी को पॉजिटिव फीडबैक देकर नगर पालिका परिषद बड़ौत को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नंबर वन स्थान पर लाने के लिए अपना सहयोग देने के लिए कहा गया।

इस प्रशिक्षण के दौरान ब्रांड एंबेसडर मीनाक्षी सिसोदिया, सफाई नायक रोहण शर्मा, आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अर्बन कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार वेस्ट कलेक्टर राकेश एवं कर्मचारी मोहित शर्मा समिति सचिव मोनिका उपाध्याय एवं उपाध्यक्ष मीनू जैन एवं समिति की समस्त महिलाएं उपस्थित रही।

# अबान कोचिंग क्लासेज में मनाई गई फेयरवेल पार्टी



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

बागपत। हर साल की तरह इस बार भी अबान कोचिंग क्लासेज में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया।

अतिथि के रूप में माँ शाने आलम, गुड्डी त्यागी, रूबी त्यागी, डॉ नैय्यूम, माँ मुरसलीन ने केक काटकर प्रोग्राम का शुभारम्भ किया। प्रोग्राम का संचालन खुद कोचिंग के प्रबंधक आदिल हुसैन ने किया। बारहवीं कक्षा में मिस्टर फेयरवेल फुरकान मालिक व मिस फेयरवेल संयुक्त रूप से अलीशबा तथा सानिया को चुना गया। दसवीं कक्षा में मिस्टर फेयरवेल इंजमाम व मिस फेयरवेल संयुक्त रूप से रेशम तथा तानिशा को चुना गया।

परवेज अहमद ने बच्चों को शिक्षा व कैरियर संबंधी बहुत सारी बातें बतायी।

अबान कोचिंग के प्रबंधक आदिल हुसैन ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुआ कहा कि बच्चों का उज्ज्वल भविष्य ही मेरे जीवन का परम ध्येय है। हमारे बच्चे शिक्षित होंगे, तो देश सामर्थ्यवान बनेगा।

# शांति निकेतन ग्रुप ने किया भूदृष्टि फाउंडेशन की अध्यक्ष कुसुम चौहान का सम्मान



एनपीटी ब्यूरो

बागपत। शांति निकेतन ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा आयोजित सपने आपके, जिम्मेदारी हमारी का प्रथम दिन रहा, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

जैसा कि सभी को ज्ञात है कि शांति निकेतन ने इस कार्यक्रम को लेकर पूर्व में ही अपने उद्देश्य व लक्ष्य निर्धारित कर लिए थे कि इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों, ग्रहणियों तथा नौजवानों जिनकी आयु 17 से 45 वर्ष की हो और ऐसे व्यक्तियों के पास कोई बिजनेस मॉड्यूल है, परंतु संसाधनों एवं धन के अभाव के कारण व्यवसाय शुरू नहीं हो पा रहा है। ऐसे व्यक्ति को उनके बिजनेस मॉड्यूल के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को संस्थान की ओर से आर्थिक मदद 31 हजार रुपए धनराशि दी जाएगी। इस कार्यक्रम में न केवल आसपास के ग्रामीण क्षेत्रवासियों ने प्रतिभाग लिया अपितु बागपत, बडौत, पालम,(नई दिल्ली), दिल्ली से आए प्रतिभागियों ने अपनी व्यावसायिक संरचना को सभी के समस्त प्रस्तुत किया, जिनमें से मुख्यतः सिलाई सेंटर, पार्लर, बुटीक, मशरूम की खेती, टिफिन सर्विस, गोल्ड बिजनेस, मिर्च मसाले का कारोबार, कपड़ों, मार्बल और मोबाइल कवर पर पेंटिंग, भगवान की पोशाक, ऊनी कपड़े ,सजावटी वस्तुएं, डेरी प्रोडक्ट, कढ़ाई-बुनाई इत्यादि बिजनेस आइडिया रहे। मंच का कुशल संचालन अंकिता पाल ने किया। इस कार्यक्रम में पैनलिस्ट के रूप में संस्थान की प्राचार्या डॉ रीना बंसल मैम, कॉलेज कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार सर, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर डॉ प्रीति विकल मैम, रुद्रा डिफेंस एकेडमी के असिस्टेंट डायरेक्टर नागेश्वर शर्मा सर, गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ बिना मैम ने प्रतिभागियों से उनके व्यवसाय से संबंधित प्रश्न भी किये। भूदृष्टि फाउंडेशन की टीम को विशेष विशिष्ट अतिथि के रूप में वहां पर बुलाया गया और उनका सम्मान किया गया। इस मौके पर भूदृष्टि फाउंडेशन की अध्यक्ष कुसुम चौहान चेयरपर्सन नीरज तोमर महासचिव विमला शर्मा ममता शर्मा पूजा मलिक रूबी देवी आदि उपस्थित रही।

# भक्ति से मिलते हैं भगवान

एनपीटी ब्यूरो

बरेली ,बांके बिहारी मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में वृंदावन धाम से पधारे आचार्य श्याम बिहारी चतुर्वेदी ने, चतुर्थ दिवस की कथा सुनाते हुए बलि बामन प्रसंग सुनाया, बताया कि भगवान की आराधना और भक्ति करने से भगवान सहज प्राप्त हो जाते हैं,भक्त बलि दरवाजे पर भिखारी बनकर भी आ जाते हैं, प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि देवताओं को अधिकार दिलाने के लिए तीनों लोकों का राजा बलि के यहां पर भगवान बामन बनकर के पहुंचे, और बलि से तीन पग भूमि मांगी, संकल्प करके तीन पग भूमि प्रदान कर दी, और दो पग में ही भगवान ने सब कुछ नाप लिया है, तीसरा पैर उनके सिर पर रखा, भगवान भक्त के बस में होते हैं, आगे की कथा श्री राम जन्मोत्सव सुनाया और बड़े भाव से श्री कृष्ण जन्म महोत्सव की कथा सुनाई श्री कृष्ण जन्मोत्सव को सुनकर की समस्त भक्त समुदाय गदगद और नृत्य करने लगे इस मौके पर दूर-दूर से कथा सुनने के लिए लोग पहुंच रहे हैं, इस मौके पर गीता भाटिया जी, भजन गायक जगदीश भाटिया ने अपना भजन प्रस्तुत किया लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया सुस्मिता, सोनल, विनीता खंडेलवाल, रजत, राजन कृष्ण जी महाराज इत्यादि लोगों ने कथा श्रवण की

# रामसेवक के घर फिर पहुंची आयकर की टीम, सील तोड़कर की गई पूछताछ

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। गुटखा कारोबारी अमित भारद्वाज और उनके भाई रामसेवक के घर बीते दिनों आयकर की टीमों ने छापा मारा था। टीम ने अमित भारद्वाज के घर जांच की थी। वहीं उनके भाई रामसेवक के त्रिवटी नाथ मंदिर के पास स्थित बीडीए कालोनी के मकान में ताला तोड़कर जांच की थी। रामसेवक के घर में नहीं थे लिहाजा मकान को सील कर लैपटॉप समेत कई दस्तावेज अपने साथ ले गई थी। अब एक बार फिर आयकर की टीम कार्रवाई करने रामसेवक के घर पहुंची थी।



दरअसल बीती 12 फरवरी को नई दिल्ली से आई आयकर विभाग की टीम ने गुटखा कारोबारी अमित भारद्वाज और उनके भाई रामसेवक के यहां छापा मारा था। अगले दिन रामसेवक का मकान सील कर आयकर की टीमें लौट गई थीं। रामसेवक महाकुंभ गए थे, अभी तीन दिन पहले वह महाकुंभ से वापस लौटे। लिहाजा शुक्रवार को नई दिल्ली से आई करीब 35 सदस्यीय टीम ने सुबह नौ बजे रामसेवक के घर की सील तोड़ी।

इस दौरान रामसेवक भी मौजूद रहे। मकान के अंदर मौजूद आयकर विभाग की टीमें जांच में जुटी हुई थीं। सप्ताह भर के अंदर आयकर की टीमों के घर दो बार आना किसी बड़ी टैक्स चोरी की तरफ इशारा कर रहा है। हालांकि आयकर के अधिकारियों ने अभी कुछ भी बोलने से इन्कार कर दिया है।

# सुदृढ़ शक्ति फाउंडेशन द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा में आज मनुष्य के तीनो ऋण के बारे में बताया



एनपीटी ब्यूरो

**बरेली।** सुदृढ़ शक्ति फाउंडेशन द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा में आज आचार्य विमल कृष्ण शास्त्री ने मनुष्य के तीनो ऋण के बारे में विस्तार से बताया।

कथा व्यास ने बताया कि शास्त्रों के मुताबिक, मनुष्य के तीन ऋण हैं - देव ऋण, ऋषि ऋण, और पितृ ऋण. इन तीनों ऋणों से मुक्त होना मनुष्य का अहम कर्तव्य है।

ये तीनों ऋण क्यों होते हैं:

देव ऋण - देवी-देवताओं के प्रति ऋण और ऋषि ऋण - शिक्षकों और गुरुओं के प्रति ऋण तथा पितृ ऋण - पूर्वजों के प्रति ऋण, इन ऋणों से मुक्त होने का तरीकाः अपने माता-पिता की सेवा करके और उन्हें दुख न देकर पितृ ऋण से मुक्त हुआ जा सकता है। ऋषियों ने तप करके परमात्मा को जाना और हमें उनकी राह दिखाई। इसलिए, नित्य पंचयाज्ञ करना चाहिए।

इन तीनों ऋणों को चुकाने से कई बुरे कर्मों के फल भोग से मुक्ति मिलती है।

कथा की मुख्य यजमान डॉ ऋचा दीक्षित कहा कि हमारे बरेली की सभी देवियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में अपनी बेटियों को लेके पहुंचे।

# अंतिम दिन- संभागीय नाट्य समारोहः उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी और एसआरएमएस रिद्धिमा की प्रस्तुति

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ और एसआरएमएस रिद्धिमा के संयुक्त तत्वावधान में बरेली में पहली बार आयोजित हो रहे संभागीय नाट्य समारोह के चौथे व अंतिम दिन शुक्रवार को लखनऊ की सांस्कृतिक शैक्षिक एवं सामाजिक संस्था कृति की ओर से स्वनाम स्वर्गीय केपी सक्सेना लिखित हास्य नाटक बाप रे बाप का मंचन हुआ। सुनील सोनू निर्देशित इस नाटक के केंद्रीय पात्र घर के मुखिया बद्रीनाथ भटनागर हैं। जो अपने बेटे विकास, बहू मीनू और नौकर नूरबक्श के साथ रहते हैं। नाटक बद्रीनाथ के गुम हो जाने से आरंभ होता है। बेटा विकास सोचता है कि पिताजी किसी बात पर नाराज होकर घर से चले गए। विकास की पत्नी मीनू को ससुर के जाने का बिल्कुल भी दुख नहीं है, लेकिन वह चिंतित जरूर है। उसका मानना है कि ससुर घर छोड़कर किसी के साथ भागे हैं और जब दुनिया को पता चलेगा कि उस के ससुर भाग गए हैं तो सबके सामने उसकी नाक कट जाएगी। घर का नौकर नूर उन्हें गुमशुदा समझ रहा है और उत्पन्न परिस्थितियों का मजा ले रहा है। बहरहाल विकास थाने में पिता की गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखवाता है, लेकिन पुलिस की ओर से कुछ न किए जाने पर वह पिता को खोजने वाले को इनाम देने की घोषणा करता है। पांच हजार रुपये के इनाम के लालच में तरह-तरह के लोग विकास के सामने खुद को उसका बाप बना कर पेश करने लगते हैं।

# ग्रामीण योजनाओं की समीक्षा अधिकारियों को दिए अहम निर्देश

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। सरकार की विभिन्न योजनाओं को गति देने के लिए, डीडीओ, पीडी और डीआरडीए के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें शून्य गरीबी, पारिवारिक आईडी, आईजीआरएस और ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास निर्माण एवं सर्वे कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई।

**अधिकारियों को निर्देश, जल्द हो शिकायतों का निस्तारण**-बैठक के दौरान सभी खंड विकास अधिकारियों को इन योजनाओं में तेजी लाने और लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि आवास योजना के लाभार्थियों के मकान जल्द से जल्द पूर्ण हों और संबंधित सर्वेक्षण कार्यों में पारदर्शिता रखी जाए। इसके अलावा शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाने और लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने पर जोर दिया गया। बैठक में अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग और फील्ड विजिट करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक का उद्देश्य ग्रामीण विकास योजनाओं को सुचारू रूप से लागू करना और जरूरतमंद परिवारों को सरकारी लाभ शीघ्र उपलब्ध कराना था। इन योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए परिवार पहचान पत्र प्रणाली का सही उपयोग करें।

# महाकुंभ के अवसर पर जेल प्रशासन द्वारा संगम के जल से कैदियों को कराया स्नान .

आरके जोशी

बरेली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ के पावन अवसर पर जेलों में बंद कैदियों को संगम जल से स्नान कराने की एक अनूठी पहल की है। यह कदम कैदियों को आध्यात्मिक और मानसिक शांति प्रदान करने के उद्देश्य से उठाया गया था।

महाकुम्भ में शामिल होने से वंचित रहने वाले कैदियों के लिए यह एक सुखद अनुभव रहा। प्रदेश सरकार ने सभी जेलों में कलशों के माध्यम से संगम जल पहुंचाया। सुबह को पूजा अर्चना की गयी। उसके बाद कारागार के गिर्द क्षेत्र में स्थित एक बड़े कुंड में वैदिक रीति रिवाज एवं मंत्रोच्चारण



के साथ संगम की पवित्र जल को कुंड के जल में मिलाया गया। इसके बाद कारागार में निरुद्ध सभी पुरुष वं महिला बंदियों को तीर्थराज प्रयागराज महाकुंभ के पवित्र जल से स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

बरेली सेंट्रल जेल द्वितीय के वरिष्ठ जेल अधीक्षक विपिन मिश्रा ने बताया कि यह योगी सरकार की एक अनूठी पहल है, जिससे कैदियों को आध्यात्मिक लाभ मिला। इसके लिए प्रदेश के कारागार विभाग ने विस्तृत योजना बनाई और संगम जल को कलशों में भरकर सभी जेलों में पहुंचाया। जेलों में कलशों की स्थापना की गई और पूजा-अर्चना के बाद संगम जल को पानी की टंकियों या कुंडों में डाला गया जिसके बाद सभी कैदियों ने इस जल से स्नान किया।

# एडवोकेट अमेंडमेंड -बिल के खिलाफ सड़क पर उतरे बरेली के वकील

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। एडवोकेट अमेंडमेंड बिल-2025 को लेकर घमासान शुरू हो गया है। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के नेतृत्व में अधिवक्ता विरोध में उतर आए हैं। शुक्रवार को बरेली में अधिवक्ता सड़कों पर आ गए। राष्ट्रपति को संबोधित एक मांग पत्र, ज़िला प्रशासन को सौंपा है। इसके साथ ही 25 फरवरी को आंदोलन का ऐलान किया है।

यूपी बार काउंसिल के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ और उपाध्यक्ष अनुराग पाण्डेय ने जिलों की बार एसोसिएशन को पत्र भेजकर एडवोकेट अमेंडमेंट बिल पर विरोध दर्ज कराने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में यहां वकीलों का विरोध शुरू हो गया।

शुक्रवार को बरेली बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट मनोज कुमार हरित, सचिव वीरेंद्र कुमार और यूपी बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष शिरीष मेहरोत्रा के नेतृत्व में वकील कलेक्ट्रेट पहुंचे औरबिल पर अपनी चिंताएं रखीं।

यूपी बार काउंसिल ने जिला बार एसोसिएशन को भेजे पत्र में कहा कि विधि का शासन बनाये रखने के लिए निर्भीक व स्वतंत्र न्याय के तंत्र का होना अति आवश्यक है। अधिवक्ता न्याय के रथ का पहिया माना जाता है व उसे ऑफिसर ऑफ द कोर्ट का दर्जा प्राप्त होता है। जब पूरे देश का अधिवक्ता समाज एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की राह जोह रहा था, तब एडवोकेट अमेंडमेंड बिल-2025 में इन संशोधनों का कोई जिक्र तक न होने से वकीलों में मायूसी की लहर छा गयी है।

इन संशोधनों से वकीलों की सर्वोच्च संस्था भारतीय विधिज्ञ परिषद को केन्द्र सरकार द्वारा बाध्यकारी निर्देश देने के प्रावधान से पूरी संस्था की स्वतंत्रता खतरे में आ गयी है। शासन की नियत या निर्देशन जो भी हो, वह सर्वोच्च संस्था को पंगु बनाने के लिए एक खतरनाक शुरूआत है।

भारतीय विधिज्ञ परिषद में पांच नामित सदस्यों का प्रावधान संस्था में अनावश्यक व किसी साजिश की ओर संकेत करता है। साथ ही स्पेशल पब्लिक ग्रीवांश रेडेशियल कमेटी द्वारा परिषद के सभी सदस्य व पदाधिकारियों पर पांच सदस्यीय कमेटी का शिकंजा रखा गया है। इस कमेटी में परिषद का सिर्फ एक सदस्य है, इसमें न्यायाधीशों का बहुमत रखा गया है। यह संशोधन स्वतंत्र संस्था पर कुठाराघात है, इससे आम अधिवक्ताओं के हित की रक्षा कर पाना परिषद के लिए असंभव है।

इस भयावह काले कानून के विरोध में पूरे देश का अधिवक्ता लामबंद हो गया है। यह संशोधन आम जनता की न्याय की आस को भी धूल धूसरित कर देगा। मांग है कि वकील व उनके परिवार के लिए प्रोटेक्शन एक्ट लाया जाये, परिषदों के निर्वाचित सदस्यों के अलावा कोई समाहित न किया जाये व उनके लोकतांत्रिक स्वरूप को यथावत रखा जाये।

पूर्व में नियम बनाने का जो अधिकार एडवोकेट्स एक्ट में प्रावधानित था, उसको उसी प्रकार रखा जाये। अधिवक्ता मांग करते है कि बिल तुरंत वापस लिया जाये, अन्यथा अधिवक्ता पूरे देश में इस लड़ाई को लड़ने को बाध्य होंगे। 21 फरवरी को शांतिपूर्ण ज्ञापन प्रदर्शन उपरांत 25 फरवरी को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक ट्रेजरी व रजिस्ट्री कार्यालय का घेराव करेंगे तथा किसी भी डीड राइटर को बैनामा करने की अनुमति नहीं देंगे।

# संपादकीय

## विकास व यमुना की सफाई हो प्राथमिकता

ढाई दशक बाद भाजपा के दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के उपरांत ग्यारह दिन की गोपनीयता के बाद बुधवार को नये मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता के नाम का खुलासा हुआ। बृहस्पतिवार को तमाम तामझाम के साथ रामलीला मैदान में उनका राज्याभिषेक भी हो गया। प्रधानमंत्री तथा केंद्रीय मंत्रियों, राजग के घटक दलों के नेताओं और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों व उप मुख्यमंत्रियों तथा भाजपा के दिग्गजों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री के अलावा छह मंत्रियों ने शपथ ली। शपथ लेने के बाद रेखा गुप्ता ने दिल्ली को संपन्न,विकसित, आत्मनिर्भर बनाकर राज्य की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने का संकल्प जताया। वे सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित व आतिशी के बाद चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। यह संयोग ही है कि वे भी दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरह वैश्य बिरादरी से ताल्लुक रखती हैं और हरियाणा मूल की हैं। वे हरियाणा मूल की तीसरी मुख्यमंत्री हैं। निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिला वोटरों ने राजनीतिक परिदृश्य बदलने में निर्णायक भूमिका निभाई है। फलतः राजनीतिक दलों ने महिला मतदाताओं को लुभाने के लिये लुभावनी योजनाएं घोषित की हैं। ऐसी योजनाओं का असर मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व झारखंड के हालिया चुनावों में देखने को भी मिला है। ऐसे में रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने महिला मतदाताओं को यह संदेश देने का प्रयास भी किया है कि महिलाएं उसकी राजनीतिक प्राथमिकताओं में शामिल हैं। विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने महिलाओं को हर माह पच्चीस सौ रुपये देने का वायदा इसी मकसद से किया था। वैसे ऐसी ही घोषणाएं कांग्रेस व आप ने भी की थी। उल्लेखनीय तथ्य है कि भाजपा शासित राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में रेखा गुप्ता पहली महिला मुख्यमंत्री हैं। वहीं दूसरी ओर एक बार उनके चयन से भाजपा ने फिर साबित किया कि संघ व उसके आनुषंगिक संगठनों से आये नेताओं को ही शीर्ष पदों के चयन में वरीयता दी जाती है।

वहीं रेखा गुप्ता इस मायने में भाग्यशाली हैं कि वे पहली बार विधायक बनने के बावजूद मुख्यमंत्री का ताज हासिल करने में सफल रही हैं। हालांकि, वह भाजपा के विभिन्न संगठनों में पिछले तीन दशकों से सक्रिय रही हैं और तीन बार दिल्ली नगर निगम पार्षद भी रही हैं। हालांकि, इससे पहले दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के पुत्र प्रवेश वर्मा को मुख्यमंत्री बनाये जाने को लेकर खूब चर्चा रही। इसकी वजह उनकी राजनीतिक विरासत के अलावा, उनका आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को हराना भी था। जनता ने भी उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री की टक्कर का मानकर जिताया। कयास लगाये जा रहे थे कि कई कारणों से नाराज जाट समुदाय को मनाने की कोशिश में उन्हें यह पद मिल सकता है। लेकिन जैसा कि भाजपा की रणनीति रही है, वह राजनीति में परिवारवाद के तमगे से बचने का प्रयास करती रही है। राष्ट्रीय स्तर पर परिवारवाद का विरोध भाजपा का मुख्य एजेंडा भी रहा है। कुछ विवाद भी प्रवेश वर्मा की बयानबाजी को लेकर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर राजनीतिक मयार्दा को लांघने वाले रेखा गुप्ता के पुराने ट्वीट भी सोशल मीडिया पर खासे वायरल हो रहे हैं। वैसे तो भाजपा कह सकती है कि डबल इंजन की सरकार दिल्ली के विकास को नई दिशा देगी। लेकिन नई मुख्यमंत्री को आप सरकार के शैक्षिक सुधारों, मुफ्त बिजली-पानी, मोहल्ला क्लीनिक व अन्य लोककल्याण के कार्यक्रमों के बड़े विकल्प देने होंगे। दिल्ली की जनता लगातार प्रदूषण, जल भराव, विकास, कूड़े के ढेरों तथा ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रही है। पूर्व मुख्य मंत्रियों व एलजी से टकराव के चलते दिल्ली के विकास की गति थम सी गई थी। एक महिला मुख्यमंत्री होने के नाते उन्हें बेटियों की सुरक्षा की अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी ताकि फिर दिल्ली में निर्भया कांड जैसे हादसे न हों। वहीं चुनाव के दौरान भाजपा के प्रमुख एजेंडे में शामिल रही यमुना की सफाई को भी उन्हें अपनी प्राथमिकता बनानी होगी। वहीं उन्हें ध्यान रखना होगा कि भले की आम आदमी पार्टी सत्ता से बाहर हुई हो,लेकिन अच्छे-खासे विधायकों के साथ वह एक मजबूत प्रतिरोधी विपक्ष के रूप में विधानसभा में मौजूद है।

# कॉपोर्रेट्स से मिमियाना व किसानों पर धौंस

**ऐसा प्रतीत होता है कि केवल गरीब किसान और ग्रामीण श्रमिक की छोटी-मोटी ऋण गैर-अदायगी ही राष्ट्रीय खाते को बिगाड़ने के लिए जिम्मेदार हैं, जबकि कर्ज न चुकाने वाले अमीरों को आसानी से राहत मिल जाती है। इन अमीर डिफॉल्टरों में 16,000 से अधिक जान-बूझकर कर्ज न चुकाने वाले भी शामिल हैं, जिन पर बैंकों के 3.45 लाख करोड़ रुपये बकाया हैं। जिनके बारे में आरबीआई ने भी माना है कि उनके पास पैसा था, लेकिन वे चुकाने को राजी न थे। अब राजस्थान के पीलीबंगा के इस किसान के मामले को लें। उन्होंने एक फाइनेंस कंपनी से 2.70 लाख रुपये का कर्ज लिया और 2.57 लाख रुपये (महामारी के दौरान राज्य सरकार से प्राप्त 57,000 रुपये की सहायता राशि समेत) वापस कर दिए। लेकिन शेष राशि चुकाने में असमर्थ रहा, एक दिन जब वह घर वापस आता है तो पाते हैं कि घर पर उक्त लेनदार ने ताला जड़ दिया।**



ऐसा प्रतीत होता है कि केवल गरीब किसान और ग्रामीण श्रमिक की छोटी-मोटी ऋण गैर-अदायगी ही राष्ट्रीय खाते को बिगाड़ने के लिए जिम्मेदार हैं, जबकि कर्ज न चुकाने वाले अमीरों को आसानी से राहत मिल जाती है। इन अमीर डिफॉल्टरों में 16,000 से अधिक जान-बूझकर कर्ज न चुकाने वाले भी शामिल हैं, जिन पर बैंकों के 3.45 लाख करोड़ रुपये बकाया हैं।

यह असमानता डरावनी है। एक आरटीआई याचिका का जवाब देते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया है कि 1 अप्रैल, 2014 से बैंकों ने भारत की विभिन्न कॉपोर्रेट्स की तरफ बकाया 16.61 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है। वहीं, संसद में राजस्थान के सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा कि देश में बकाया कृषि ऋण अब 32 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। 18.74 करोड़ से अधिक किसान देनदारी के बोझ तले दबे हैं।

बेनीवाल ने कहा कि वास्तव में कुल बकाया कृषि ऋण देश के वार्षिक बजट में कृषि क्षेत्र के लिए आवंटित धन से 20 गुना अधिक है। उन्होंने वित्त मंत्री से पूछा कि किसानों के लिए किसी भी प्रकार की कृषि ऋण माफी योजना का उल्लेख क्यों नहीं किया गया। इसके विपरीत, पिछले 11 वर्षों में भारत की कापोर्रेट्स का कुल 16.61 लाख करोड़ रुपये का बकाया ऋण बट्टे खाते डाल दिया गया (केवल 16 प्रतिशत की वसूली हो पाई)। भारतीय बैंकों ने पिछले पांच वर्षों में इन कंपनियों पर चढ़े कर्ज में 10.6 लाख करोड़ रुपये माफ करने से पहले दूसरी बार नहीं सोचा। रिपोर्टों का कहना है कि बकाया ऋण में 50 प्रतिशत देनदारी बड़ी कंपनियों की है। लेकिन जब बारी किसानों की आए, तो कर्नाटक के शिमोगा में एक बैंक ने एक छोटे किसान को खाता बराबर करने के वास्ते बहुत तत्परता दिखाई, जिसे केवल 3.46 रुपये का बकाया चुकाने के लिए नियमित बस सेवा के अभाव में 15 किमी पैदल चलकर आना पड़ा!

अकेले वित्त वर्ष 2023-24 में, बैंकों ने कंपनियों के 1.7 लाख करोड़ रुपये माफ किए हैं। एक साल पहले, 2022-23 में, बैंकों ने 2.08 लाख करोड़ रुपये माफ किए थे। लेकिन जब बात कृषि ऋण माफ करने की आए, तो केंद्र ने ऐसा केवल दो बार किया है वर्ष 1990 और 2008 में। कुछ राज्य सरकारों ने इसे अलग से किया है, लेकिन यह बैंकों पर बोझ नहीं है, क्योंकि माफ की गई राशि का भुगतान उन सूबा सरकारों ने किया। जहां एक ओर कंपनियों का बकाया ऋण बड़ी दरियादिली से माफ कर दिया जाता है, मानो इस माफी से राष्ट्र निर्माण में मदद मिलती हो, वहीं दूसरी ओर एक महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की सदस्य को 35,000 रुपये वापस करने में असमर्थता के कारण प्रतीक्षारत पुलिस वैन में घसीटकर ले जाने जैसे दृश्य देखने को मिलते हैं।

ऐसा प्रतीत होता है कि केवल गरीब किसान और ग्रामीण श्रमिक की छोटी-मोटी ऋण गैर-अदायगी ही राष्ट्रीय खाते को बिगाड़ने के लिए जिम्मेदार हैं, जबकि कर्ज न चुकाने वाले अमीरों को आसानी से राहत मिल जाती है। इन अमीर डिफॉल्टरों में 16,000 से अधिक जान-बूझकर कर्ज न चुकाने वाले भी शामिल हैं, जिन पर बैंकों के 3.45 लाख करोड़ रुपये बकाया हैं। जिनके बारे में आरबीआई ने भी माना है कि उनके पास पैसा था, लेकिन वे चुकाने को राजी न थे।

अब राजस्थान के पीलीबंगा के इस किसान के मामले को लें। उन्होंने एक फाइनेंस कंपनी से 2.70 लाख रुपये का कर्ज लिया और 2.57 लाख रुपये (महामारी के दौरान राज्य सरकार से प्राप्त 57,000 रुपये की सहायता राशि समेत) वापस कर दिए। लेकिन शेष राशि चुकाने में असमर्थ रहा, एक दिन जब वह घर वापस आता है तो पाते हैं कि घर पर उक्त लेनदार ने ताला जड़ दिया। बाद में, आक्रोशित ग्रामीणों ने ताला तोड़ा। अब इस अप्रिय घटना को उस 92 प्रतिशत हेयर-कट (ऋण अंश माफी) के संदर्भ में देखा जाना चाहिए, जो बैंकों और उधारदाताओं ने कर दिखाया, जब पूर्वी भारत में मिश्रित धातु और इस्पात के एक प्रमुख निमार्ता आधुनिक मेटैलिक्स की तरफ बकाया 5,370 करोड़ रुपये के मामले में जुलाई, 2018 में नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) की कोलकाता शाखा ने समाधान प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए केवल 410 करोड़ रुपये की अदायगी की एवज में मामला रफा-दफा कर दिया।

जाहिर है, इतने बड़े हेयरकट (कर्ज माफी) के साथ, कंपनी के प्रमोटरों ने कहा कि वे सभी गतिविधियों को पूरा करने और इस अग्रणी कंपनी को पुनर्जीवित करने की दिशा में काम शुरू करेंगे। कोई आश्चर्य नहीं, एक समय परिवर्तनकारी समाधान तंत्र के रूप में प्रशंसित दिवाला और दिवालियापन संहिता (आईबीसी)- संदेह के घेरे में आ गई है और बैंक अब वसूली के लिए इसका उपयोग करने के लिए उत्साहित नहीं हैं। रिपोर्टें बताती हैं कि बैंकों और अन्य उधारदाताओं की वसूलियां कम हो रही हैं।

हालांकि, बड़ा सवाल बना हुआ है। यदि राजस्थान के एक किसान के घर पर महज 20,000 रुपये की शेष राशि चुकता न किए जाने पर ताला जड़ा जा सकता है, तो एनसीएलटी बकाया कर्ज का 92 प्रतिशत माफ करके आराम से निकल जाने का मौका देने की बजाय आधुनिक मेटालिक्स जैसी फर्मों के परिसर की तालाबंदी क्यों नहीं की जाती और किसानों की तरह इसके मालिकों को भी सलाखों के पीछे क्यों नहीं डाला जाता? यदि किसी बड़ी कंपनी के लिए बड़ा हेयरकट जरूरी है, तो किसानों को भी इस किस्म की नीति का लाभ क्यों नहीं मिलना चाहिए और वह भी अपेक्षाकृत छोटे-छोटे ढंग से? आखिरकार, उनका व्यक्तिगत बकाया कर्ज कॉपोर्रेट के अनचुके ऋणों का अंश मात्र भी नहीं हैं।

इसके अलावा, बैंक ग्राहकों की विभिन्न श्रेणियों के लिए बैंकिंग कानून अलग-अलग क्यों हों? क्या बैंक कभी आवास, कार, ट्रैक्टर या मोटरबाइक ऋण लेने वालों के साथ भी उस तरह का नरम व्यवहार करते हैं जैसा कि कॉपोर्रेट्स के साथ करते हैं? बैंक कब तक कंपनियों की तरफ बकाया ऋणों को अपने सिर पर लेने की आवश्यकता को उचित ठहराते रहेंगे, वह भी आर्थिक विकास के नाम पर? जब सोशल मीडिया पर किसानों के दर्दनाक वीडियो देखे जाते हैंझ्रजैसा कि पंजाब और हरियाणा में उत्पाद के सही दाम न लगने पर मायूस किसानों द्वारा फूलगोभी और पत्तागोभी की अपनी खड़ी फसलों को ट्रैक्टर से कुचलते देखा और जिस तरह हाल ही में छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में किसानों को टमाटर की गिरी कीमतों का सामना करते पाया, तब 2018-19 के बजट में टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों को स्थिर बनाए रखने के वास्ते 500 करोड़ रुपये का प्रावधान कर शुरू की गई ऑपरेशन ग्रीन्स नामक योजना की याद आती है।

जहां हर कोई इस बात से सहमत है कि कोल्ड चेन के नेटवर्क सहित कृषि बुनियादी ढांचे में पर्याप्त निवेश किसान के नुकसान को कम करने में मददगार हो सकता है, वास्तविकता यह है कि ऑपरेशन ग्रीन्स सब्जियों की कीमतों को स्थिर करने में बुरी तरह विफल रहा है। एक कारण यह हो सकता है कि इस योजना को उचित वित्तीय सहायता नहीं मिल पा रही है। यह तथ्य इस मद्देनजर गलत है कि दिसंबर, 2023 में, एनसीएलटी दिवालिया हुई रिलायंस कम्युनिकेशंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (आरसीआईएल) के उस प्रस्ताव को मंजूर करे, जिसमें वादी बकाया ऋण का 99 प्रतिशत माफ करवाकर पल्ला झाड़ निकल ले। वर्ष 2018-19 में ऑपरेशन ग्रीन्स के लिए रखे 500 करोड़ रुपये के मुकाबले, 47,251.34 करोड़ रुपये की कर्जाई आरसीआईएल को एनसीएलटी ने सिर्फ 455.92 करोड़ चुकाने करने का निर्देश देकर आराम से निकल जाने दिया।

इसकी बजाय, अगर यह राशि वसूल की जाती और ऑपरेशन ग्रीन्स में निवेश की जाती, तो फलों और सब्जियों की कीमतों को स्थिर करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे में निवेश करने के लिए वित्तीय संसाधनों की कोई कमी नहीं होती।

# विश्व शांति और समझ दिवस- शांति की संस्कृति एवं समझ को विकसित करने जरूरत

एक शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण समाज के निर्माण, विविध संस्कृतियों, धर्मों और क्षेत्रों के बीच सद्भाव, करुणा और सहयोग की स्थायी भावना की अपेक्षा को आकार देने के लिये हर वर्ष विश्व शांति एवं समझ दिवस 23 फरवरी को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। यह अवसर मानवीय सेवा, शांति और सद्भावना के प्रतीक रोटरी इंटरनेशनल की संस्थापक बैठक से जुड़ा है, जो एक अधिक समावेशी और शांतिपूर्ण दुनिया को बढ़ावा देने के लिए दुनिया में सामूहिक जिम्मेदारी का एक मार्मिक अनुस्मारक एवं महा अनुष्ठान है। साल 2025 में इस दिवस का उद्देश्य दुनियाभर में शांति और समझ को बढ़ावा देते हुए शांति की संस्कृति का विकास करना है। यह विषय एक ऐसी दुनिया की दिशा में सक्रिय रूप से काम करने के महत्व पर जोर देता है जहाँ शांति की समझ केवल एक आकांक्षा नहीं बल्कि हमारे दैनिक जीवन, व्यवहार और बातचीत का एक हिस्सा हो। यह दुनिया में संघर्ष को रोकने के लिए विभिन्न संस्कृतियों और दृष्टिकोणों के लिए सहानुभूति और सम्मान को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करता है एवं शांति की संस्कृति को विकसित करने के लिए व्यक्तियों, समुदायों और राष्ट्रों से सामूहिक प्रयास की आवश्यकता को उजागर करता है। दुनिया में प्रेम-भाईचारा और शांति को बनाए रखना एवं हिंसारहित दुनिया निर्मित करना भी इस दिवस का ध्येय है।

रोटरी इंटरनेशनल की यात्रा 1905 में पॉल पी. हैरिस के साथ शुरू हुई, जिन्होंने राजनीति और धर्म की सीमाओं से परे विभिन्न पृष्ठभूमि के पेशेवरों को शामिल करते हुए एक भाईचारे एवं बंधुत्व भावना की कल्पना की थी। यह दृष्टिकोण पहले रोटरी क्लब में साकार हुआ, जिसे आधिकारिक तौर पर 1908 में शामिल किया गया था, जिससे एक ऐसे आंदोलन की शुरूआत हुई जिसने अंततः एक वैश्विक आयाम ग्रहण किया। पहले प्रमुख अमेरिकी शहरों और बाद में दुनियाभर में रोटरी क्लबों की स्थापना ने 1925 तक रोटरी इंटरनेशनल के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त की, आज, 200 से अधिक देशों और भौगोलिक क्षेत्रों में फैले 46,000 से अधिक क्लबों में 1.4 मिलियन से अधिक सदस्यों के साथ, रोटरी इंटरनेशनल मानवीय सेवा में वैश्विक एकजुटता का प्रतीक है।

आज जबकि पूरी दुनिया युद्ध, हिंसा, आतंक एवं क्रूरता से त्रस्त है, इन जटिल एवं विषम परिस्थितियों में दुनिया में शांति की समझ पैदा करना पूरी मानव जाति का कर्तव्य है। समाज में समझ से ही शांति स्थापित की जा सकती है। इसके लिए सामूहिक प्रयास करने की आवश्तकता है। इसके विपरीत यदि, पूरी दुनिया के लोग एक दूसरे को घृणा, द्वेष और नफरत की दृष्टि से देखेंगे तो उसका परिणाम युद्ध औ? विनाश के रूप में सामने आएगा। संघर्ष, अविश्वास, गलतफहमी और विद्रोह समाज को बांटता है और उसे एक अन्नत संघर्ष की खाई में धकेल देता है। अविश्वास, अहंकार एवं महत्वाकांक्षाएं समाज को गलतफहमी, विद्रोह, लड़ाई और संघर्ष की ओर ले जाती है। इसलिए समाज में विश्वास और शांति स्थापित करने के लिए सभी मनुष्यों को एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोगी के रूप में कार्य करना होगा। यह दिवस



दुनिया की सबसे गंभीर चुनौतियों से निपटने में सामूहिक कार्रवाई की शक्ति की याद दिलाता है। यह हमें अपने मतभेदों से परे देखने और सभी के लिए शांति, समृद्धि और कल्याण के सामान्य लक्ष्यों की दिशा में मिलकर काम करने के लिए प्रोत्साहित करता है। सामुदायिक सेवा, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और नैतिक मानकों को बढ़ावा देने के माध्यम से, विश्व शांति और समझ दिवस स्थायी शांति प्राप्त करने में सद्भावना के महत्व को रेखांकित करता है।

मनुष्य, पशु, पक्षी, कीड़े, मकोड़े आदि सभी जीना चाहते हैं। कोई मरने की इच्छा नहीं रखता। जब कोई मृत्यु चाहता ही नहीं, तो उस पर उसको थोपना कहां का न्याय है। शांति, सहजीवन एवं अहिंसा में विश्वास रखने वाले लोग किसी प्राणी को सताते नहीं, मारते नहीं, मर्माहत करते नहीं, बल्कि एक दूसरे का सहयोग करते हुए एक उन्नत दुनिया का निर्माण करते हैं। शांति की समझ है स्वयं के साथ सम्पूर्ण मानवता को ऊपर उठाने में, आत्मपतन से बचने में और उससे किसी को बचाने में। अशांति अंधेरा है और शांति उजाला है। आंखें बंद करके अंधेरे को नहीं देखा जा सकता। इसी प्रकार अशांति से शांति को नहीं देखा जा सकता। शांति को देखने के लिए आंखों में अहिंसा, करूणा एवं प्रेम का उजाला आंजने की अपेक्षा है। पृथ्वी, आकाश व सागर सभी अशांत हैं। स्वार्थ और घृणा ने मानव समाज को विखंडित कर दिया है। यूँ तो द्यविश्व शांतिद्ब का संदेश हर युग और हर दौर में दिया गया है, लेकिन विश्व युद्ध की संभावनाओं के बीच इसकी आज अधिक प्रासंगिकता है। अपनों का साथ स्वर्ग है तो शत्रुओं का साथ नरक। प्रेम व मित्रता की ओर बढ़ना, स्वर्ग की ओर बढ़ना है। वैर व घृणा की ओर कदम बढ़ाना अपने नरक को खड़ा करना है। स्वर्ग में रहना है या फिर नरक में, ये चुनाव हमारा अपना है। लेकिन इस दृष्टि से यह विश्व शांति और समझ दिवस अधिक प्रासंगिक है और हमारी शांति की समझ को व्यापक बनाता है।

इजराइल और हमास में युद्ध विराम समझौते के बाद दुनिया चाहती है कि रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भी समाप्त हो, यह शांतिपूर्ण उन्नत विश्व संरचना के लिये नितांत अपेक्षित है। क्योंकि ऐसे युद्धों से युद्धरत देश ही नहीं, समूची दुनिया पीड़ित, परेशान एवं प्रभावित होती है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने देता है। ऐसे युद्धों में वैसे तो जीत किसी की भी नहीं होती, फिर भी इन युद्धों का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देता, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने के साथ बड़ी जनहानि का भी बड़ा कारण बनता है। इसी तरह अनेक राष्ट्र आतंकवाद से त्रस्त है। इन विकट एवं विकराल होती स्थितियों के बीच इस साल विश्व शांति और समझ दिवस की 118वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। इन वर्षों के दौरान पूरी दुनिया ने विश्व शांति और सद्भावना को लेकर लंबा रास्ता तया किया है। वहीं दुनिया भर के लोगों में सद्भावना, शांति और समझ विकसित करने के लिए अभी और लंबा रास्ता तय करना है। रोटरी क्लब अपने सदस्यों को, स्थानीय क्लबों के स्तर पर किए गए कार्यों से, स्थानीय और विश्व समुदाय की सेवा करने का अवसर प्रदान करता है। इसका ध्येय है- सत्य, न्याय, लोगों के बीच संबंधों में सुधार और विश्व शांति। उम्मीद है कि इसका नतीजा युद्धों के अंत के रूप में सामने आएगा।

आज कई लोगों का मानना है कि विश्व शांति को सबसे बड़ा खतरा साम्राज्यवादी आर्थिक और राजनीतिक कुचेष्टाओं से है। विकसित देश युद्ध की स्थिति उत्पन्न करते हैं, ताकि उनके सैन्य साजो-समान बिक सकें। यह एक ऐसा कड़वा सच है, जिससे कोई इंकार नहीं कर सकता। आज सैन्य साजो-सामान उद्योग विश्व में बड़े उद्योग के तौर पर उभरा है। हिंसा, आतंक एवं अशांति विश्व की ज्वलन्त समस्याएं हैं। अहिंसा, करूणा एवं शांति ही इन समस्याओं का समाधान है। अहिंसा सव्वभूयखेमंकरी-विश्व के समस्त प्राणियों का कल्याण करने वाली तेजोमयी अहिंसा की ज्योति पर जो राख आ गई, उसे दूर करने के लिए तथा अहिंसा की शक्ति पर लगे जंग को उतार कर उसकी धार को तेज करने के लिए अहिंसक एवं शांतिपूर्ण समाज रचना की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया में विश्वशांति एवं अहिंसा की स्थापना के लिये प्रयत्नशील है, समूची दुनिया भारत की ओर आशाभरी नजरों से देख रही है कि एक बार फिर शांति एवं अहिंसा का उजाला भारत करें। कुछ लोग कह सकते है-एक दिन विश्व शांति और समझ दिवस मना भी लिया तो क्या हुआ? लेकिन ऐसे दिवस की बहुत सार्थकता है, उपयोगिता है, इससे अंतर-वृत्तियां उद्बुद्ध होंगी, अंतरमन से शांति की समझ को अपनाने की आवाज उठेगी और हिंसा, अशांति, तनाव एवं में लिप्त मानवीय वृत्तियों में शांति की समझ आएगी।

# 3 दिन से लापता युवक की खून से मिली लथपथ लाश, फटा सिर और एक आंख भी गायब

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



मथुरा में तीन दिन से लापता इलेक्ट्रिशियन का शव सदर बाजार स्थित नए यमुना पुल के नीचे बृहस्पतिवार की सुबह मिला। चेहरे के दायें हिस्से पर किसी भारी वस्तु से प्रहार किया गया है। इससे सिर फटा मिला है और एक आंख गायब है। पुलिस ने वीडियोग्राफी के साथ चिकित्सकों के पैनल से शव का पोस्टमार्टम कराया है। थाना जमुनापार के तैयापुर निवासी कन्हैया सिंह ने बताया कि उनके चाचा कमल सिंह (38) 16 फरवरी को अपने साथी नवल से मिलने के लिए घर से निकले। देर रात तक जब वह नहीं लौटे तो कमल सिंह की पत्नी नीलम ने नवल को फोन किया। नवल ने बताया कि उन्होंने कमल को रात 8.30 बजे ही जनरलगंज से टेंपो में गांव के लिए बैठा दिया था। तीसरे दिन भी जब कमल का पता नहीं चला तो परिजन जमुनापार थाने पहुंचे और गुमशुदगी दर्ज कराई। बृहस्पतिवार की सुबह सदर पुलिस ने सूचना दी कि नए यमुना पुल के नीचे एक शव मिला है। मौके पर वह पहुंच गए। चेहरे के एक हिस्से पर किसी भारी वस्तु से प्रहार के निशान हैं। सिर तक फट मिला है, एक आंख गायब है। कन्हैया सिंह ने बताया कि उनके चाचा कमल सिंह, नवल सिंह और हिमांशु तीनों बिजली फिटिंग का कार्य करते हैं। नवल सिंह होली गेट के पास कठौती कुआं के रहने वाले हैं। 20 दिन पहले तीनों में किसी बात को लेकर झगड़ा भी हुआ था। झगड़ा किस बात पर हुआ इसकी जानकारी किसी को नहीं है। थाना प्रभारी निरीक्षक सदर विदेश कुमार ने बताया कि युवक का शव उनके थाना क्षेत्र में मिला है, जबकि गुमशुदगी जमुनापार थाने में दर्ज है। शव का पोस्टमार्टम वीडियोग्राफी के साथ चिकित्सकों के पैनल ने किया है। दोनों थाने की पुलिस मिलकर वारदात का खुलासा करेगी।

थाना प्रभारी जमुनापार छोटेलाल ने बताया कि गुमशुदगी की तहरीर को हत्या में तरमीम कर लिया है। परिजन ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। कमल सिंह कब घर से निकले, कहां-कहां गए इसके लिए क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाएंगे।

# मथुरा में पुलिस की मुठभेड़, दो गोकश गोली लगने से घायल, तीसरे ने खुद ही डाल दिए हथियार

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

मथुरा के बरसाना पुलिस की बृहस्पतिवार की रात तीन गो तस्करों से मुठभेड़ हो गई। गो तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए, जबकि तीसरे ने खुद ही अपने हथियार डाल दिए और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

बरसाना थाना प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार निर्वाल सिंह को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ गो तस्कर घूम रहे हैं। उन्होंने इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी, अधिकारियों से बदमाशों की गिरफ्तारी के आदेश मिलते ही गो तस्करों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने हाथिया राकौली तिराहा रोड पर ग्राम नगला नसरु के पास बाइक सवार तीनों गो तस्करों को घेर लिया। पुलिस ने उन्हें रोकने का इशारा किया तो गो तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बरसाना थाना क्षेत्र के गांव हथिया निवासी शमशीर उर्फ. कल्लन, हथिया निवासी हसन की टांग में गोली लगने से वह घायल हो गया, जबकि तीसरे गो तस्कर मुस्ताक उर्फ वहरा ने पुलिस के सामने खुद ही हथियार डाल दिए।

एसपी ग्रामीण त्रिकोण बिसेन ने बताया। बृहस्पतिवार की देर रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर मुठभेड़ में तीन बदमाशों को दबोचा है। इनके कब्जे से 12800 रुपये, दो तमंचे, कारतूस, रस्सी और बिना नंबर की बाइक बरामद की है।

# बोर्ड परीक्षा को लेकर बड़ा फैसला

## महाकुंभ को देखते हुए 24 फरवरी का एग्जाम किया गया स्थगित, इस तारीख को होगी




लखनऊ। बोर्ड परीक्षा को लेकर बड़ा फैसला हुआ है। महाकुंभ को देखते हुए 24 फरवरी का एग्जाम स्थगित कर दिया गया है। आगे पढ़ें और जानें यह कब होगा?

उत्तर प्रदेश में यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरू हो रही हैं। जबकि प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का स्नान होना है। स्नान के कारण श्रद्धालुओं की काफी संख्या व यातायात को देखते हुए प्रयागराज में 24 फरवरी को होने वाली बोर्ड परीक्षा स्थगित कर दी गई है।

माध्यमिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने शुक्रवार को राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम के उद्घाटन के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रयागराज में 26 फरवरी को महाकुंभ के अंतिम स्नान महाशिवरात्रि पर काफी लोगों के आने व यातायात प्रबंधन को देखते हुए 24 फरवरी को होने वाली हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाओं को स्थगित कर 9 मार्च रविवार को फिर से आयोजित किया जाएगा।

**पेपर उसी समय और स्थान पर नौ मार्च को होगा**

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह संशोधन केवल प्रयागराज जिले के लिए लागू होगा, जबकि अन्य जिलों में परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होंगी। इसके बाद माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव अशोक कुमार की ओर से इसका आदेश जारी किया गया। उन्होंने बताया कि 24 फरवरी को होने वाली परीक्षाओं का विषय और पेपर उसी समय और स्थान पर नौ मार्च को होगा।

# सीबीआई के डिप्टी एसपी की एक करोड़ से अधिक की संपत्तियां जब्त

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

लखनऊ। उइक के डिप्टी एसपी की एक करोड़ से अधिक की संपत्तियां जब्त की गई हैं। ईडी ने दिल्ली और गाजियाबाद में यह कार्रवाई की है। यूपी में सीबीआई के डिप्टी एसपी राजीव कुमार की 1.05 करोड़ रुपये की संपत्तियों को ईडी ने जब्त किया। राजीव कुमार मूल रूप से सहारनपुर के देवबंद के रहने वाले हैं। ईडी ने शुक्रवार को उनकी दिल्ली और गाजियाबाद की संपत्ति पर कार्रवाई की है। सीबीआई के डिप्टी एसपी राजीव कुमार ऋषि की 1.05 करोड़ रुपये की संपत्तियों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जब्त कर लिया है। राजधानी स्थित ईडी के जोनल कार्यालय ने शुक्रवार को राजीव कुमार और उनकी पत्नी अल्पना ऋषि के नाम पर नई दिल्ली के वसंत कुंज एवेन्यू और गाजियाबाद के कौशांबी में खरीदी गईं दो आवासीय संपत्तियों को जब्त किया है। ईडी ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में यह कार्रवाई की है।

# 'भाजपा सरकार ने यूपी को कर्ज में डुबोया...'

## अखिलेश बोले-आठ साल में सरकार ने लिया छह लाख करोड़ का लोन

लखनऊ। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सरकार को निशाने पर लिया। कहा कि भाजपा सरकार ने यूपी को कर्ज में डुबो दिया। आठ साल में सरकार ने छह लाख करोड़ का लोन लिया।

राजधानी लखनऊ में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को कर्ज में डूबो दिया है। उत्तर प्रदेश के हर व्यक्ति पर 36 हजार का कर्ज है। उत्तर प्रदेश पर कुल नौ लाख करोड़ का कर्ज हो गया है।

अखिलेश ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश के इस बजट में भी भाजपा सरकार ने 91 हजार करोड़ का कर्ज लिया है। आजादी के बाद 2017 तक यूपी पर तीन लाख करोड़ का कर्ज था, लेकिन योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पिछले आठ साल में छह लाख करोड़ रुपये का और कर्ज ले चुकी है।

**गरीब और गरीब होता जा रहा-अखिलेश-** सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश को लगातार कर्ज के बोझ से दबा रही है। भाजपा सरकार अपनी गलत आर्थिक नीतियों से देश-प्रदेश की अर्थव्यवस्था से भी खिलवाड़ कर रही है। यह सब भाजपा सरकार चंद पूंजीपतियों के मुनाफे के लिए कर रही है। इस सरकार में गरीब और गरीब होता जा रहा है।

# डीएल बनवाने का ठेका लेने वालों की दुकानों पर लटके ताले



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो
मथुरा। एआरटीओ कार्यालय में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए दलाल ठेका लेते हैं। इसके बाद न तो टेस्ट की जरूरत होती है और न ही अन्य किसी काम की। अमर उजाला ने पड़ताल कर एआरटीओ कार्यालय में दलाल राज की खबर बृहस्पतिवार को प्रमुखता से प्रकाशित की थी। खबर छपी तो सारे दलालों की दुकानों पर ताले लटक गए। कार्यालय में भी दिन भर सन्नाटा पसरा रहा। लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए एआरटीओ कार्यालय में दलाल 1500 रुपये का ठेका लेते हैं। रुपये देने के बाद परिवहन विभाग की वेबसाइट पर होने वाले ऑनलाइन टेस्ट भी आवेदक को नहीं देना होता है। मिडिया ने इसकी पड़ताल कर खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर छपी तो एआरटीओ कार्यालय में खलबली मच गई। एआरटीओ कार्यालय के पास दलालों की दुकानों में ताला लटका नजर आया। एक भी दलाल कार्यालय परिसर में भी नजर नहीं आया। दूसरी तरफ कार्यालय के कर्मचारी भी सकते में नजर आए। चुपचाप बैठकर वे अपना काम निपटाते रहे। ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए पूछने आने वाले लोगों को भी ऑनलाइन आवेदन कर प्रक्रिया पूर्ण करने की बात कहकर लौटा दिया गया। वहीं दलालों को ठेका देने वाले भी कुछ लोग उनसे जानकारी करने के लिए पहुंचे, लेकिन यहां ताला लटका देखकर उन्हें मायूस ही लौटना पड़ा।

# पंचायत में भाकियू टिकैत की जिला अध्यक्ष और युवा जिला अध्यक्ष ने कार्यकारणी को भंग कर दिया



उत्तर प्रदेश रामपुर। भारतीय किसान यूनियन टिकैत जनपद रामपुर मैं पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें भाकियू टिकैत के जिला अध्यक्ष और युवा जिला अध्यक्ष ने अहम फैसला लेते हुए तत्काल प्रभाव से कार्यकारणी को भंग कर दिया। जिला अध्यक्ष जगजीत गिल ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर भाकियू टिकैत की पंचायत के बाद रामपुर के संगठन की मुख्य और युवा विंग की कार्यकारणी भंग कर दी गई है। शीर्ष नेतृत्व से विचार विमर्श कर ही दोनों कार्यकारणी का दुबारा से गठन किया जाएगा।

# शाहबाद बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने हाथ पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। केंद्र सरकार द्वारा अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 के विरोध में शाहबाद बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने हाथ पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी हिमांशु सिंह को सौंपा।अधिवक्ताओं का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा जो अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 लाया गया है उसमें अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने व उनकी सर्वोच्च संस्था को इस अधिनियम में पंगु बनाने की की गई है, जिसकी समस्त अधिवक्ता निंदा करते हैं। अधिवक्ताओं का आरोप है कि इस अधिनियम से वकीलों की सर्वोच्च संस्था बार काउंसलिंग ऑफ इंडिया को केंद्र सरकार द्वारा बाध्यकारी निर्देश देने के प्रावधान से पूरी संस्था की स्वतंत्रता खतरे में आ गई है। जिससे अधिवक्ता समाज में रोष भी व्याप्त है इसलिए यूथ बार एसोसिएशन ने मांग की है कि अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 तुरंत वापस लिया जाए अन्यथा पूरे देश के अधिवक्ता इस लड़ाई को लड़ने के लिए बाध्य होंगे । ज्ञापन देते समय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष तकरीर उर रहमान, महासचिव अनोद कुमार, सुजाउल मियां, जसवंत सिंह सागर, छत्रपाल सिंह, तारीक खान, संजीव कुमार, यूनुस अली, कमलवीर सक्सेना, रिंकू यादव, सैयद शाह आलम, रेहान खान, अनुपम जौहरी, अमर सिंह, प्रदीप यादव, जोगिंदर सिंह, नाजिम अली सहित अनेकों अधिवक्ता रहे।

# बरसाना में लठामार होली क्षेत्र के भवन जर्जर

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



मथुरा। फरह में होली पर कस्बा के चौराहे या सार्वजनिक जगहों पर डीजे नहीं बज सकेंगे। ना ही डीजे संचालक होली पर डीजे या अन्य तेज साउन्ड सिस्टमों को किराये पर देंगे अगर संचालक ऐसा करते हैं तो पुलिस डीजे संचालक के खिलाफ कार्यवाही करेगी। आगामी पर्व महाशिवरात्रि ओर होली को लेकर थाना फरह में आयोजित बैठक में सीओ रिफाइनरी श्वेता वर्मा ने यह दिशा निर्देश दिये। बैठक में मौजूद एसडीएस सदर वैभव गुप्ता ने भी सभी ग्राम प्रधानों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक करते हुये पूर्व के वाद विवादों की जानकारी ली। साथ ही सभी से आगामी त्यौहारों को शान्ति एवं सौहादोर्पूर्वक मनाने की अपील की। बैठक के बाद एसडीम सदर और सीओ रिफाइनरी श्वेता वर्मा, थानाध्यक्ष संजय पाण्डेय ने अन्य पुलिस बल के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च भी किया।

# बरसाना में लठामार होली क्षेत्र के भवन जर्जर

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



मथुरा। बरसाना के कस्बे में 8 मार्च लठामार होली का आयोजन होगा। इस क्षेत्र के कई भवन जर्जर हैं। इसे देखते हुए पुलिस ने 50 गृह स्वामियों को नोटिस दिए हैं। इन भवनों पर भी नोटिस चस्पा किया जा रहा है। बरसाना की लठामार होली में बड़ी संख्या में लोग बरसाना आते हैं। रंगीली गली चौक पर वीआईपी स्टैंड बनाया गया है। लठामार होली क्षेत्र में कई मकान जर्जर हैं। पिछली बार राधाष्टमी पर रंगीली गली की सीढ़ियों में एक जर्जर मकान गिर गया था। गनीमत रही थी उस समय कोई चपेट में नहीं आया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार को चाहिए कि जिन मकान स्वामियों के मकान जर्जर हालत में उनको आर्थिक सहायता उपलब्ध करा कर मकानों की हालत को सुधारा जाए। रंगीली गली चौक को का सौंदर्यीकरण कराकर भव्य व आकर्षक बनाया जाए। थाना प्रभारी अरविंद निर्वाल ने बताया कि लठामार होली मेला क्षेत्र में जर्जर मकानों के 50 स्वामियों को नोटिस दिया गया।

मकान स्वामियों से अपील की जा रही है कि वे मकानों की मरम्मत करा लें। श्रद्धालुओं को छतों पर न चढ़ने दें। अगर कोई अनहोनी होती है तो गृहस्वामी जिम्मेदार होंगे।

पलटवार | मायावती के पलटवार पर राहुल गांधी ने दिया जवाब

# पहले दिया गया मेरा बयान सही है

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

लखनऊ। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बसपा सुप्रीमो मायावती पर पहले दिए गए अपने बयान को सही करार दिया है। बता दें कि उनके बयान पर मायावती ने पलटवार किया था।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर रायबरेली में हैं। शुक्रवार दोपहर उन्होंने माडर्न रेल कोच फैक्ट्री का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आरेडिका के कार्यों की तारीफ की। कहा कि दुनिया भर में चीजों का प्रोडक्शन कम हो रहा है, देश में भी यही हो रहा है लेकिन आरेडिका भारी संख्या में रेल डिब्बे बनाकर कीर्तिमान बना रही है। वो करीब एक घंटे तक आरेडिका में रहे।

परिसर से निकलते वक्त राहुल गांधी से मायावती के पलटवार पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि मायावती को लेकर उन्होंने पूर्व में जो बयान दिया था वो सही है। बता दें कि उन्होंने जिले में दलित छात्रों को संबोधित करते हुए बयान दिया था कि लोकसभा चुनाव में अगर मायावती इंडिया गठबंधन का हिस्सा होतीं तो भाजपा सत्ता में न आ पाती।




**मायावती ने किया था ये पलटवार**

बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी पलटवार किया था। उन्होंने अपने बयान में कहा था कि कांग्रेस जिन राज्यों में मजबूत है या जहां उनकी सरकारें हैं, वहां बसपा व उनके अनुयाइयों के साथ उसका द्वेष व जातिवादी रवैया है। यूपी जैसे राज्य में जहां कांग्रेस कमजोर है, वहां बसपा से गठबंधन की बरगलाने वाली बातें करना यह उस पार्टी का दोहरा चरित्र नहीं तो और क्या है।

**जब भी गठबंधन किया बसपा को नहीं ट्रांसफर हुआ वोट**

सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में मायावती ने कहा कि बसपा ने यूपी व अन्य राज्यों में जब भी कांग्रेस जैसी जातिवादी पार्टियों के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ा तब हमारा बेस वोट उन्हें ट्रांसफर हुआ लेकिन ये पार्टियां अपना बेस वोट बसपा को ट्रांसफर नहीं करा पाईं। ऐसे में बसपा को हमेशा घाटे में ही रहना पड़ा है। वैसे भी कांग्रेस व भाजपा आदि का चाल, चरित्र, चेहरा हमेशा डॉ. भीमराव आंबेडकर, उनकी अनुयायी बसपा व उसके नेतृत्व, उनके दलित-बहुजन अनुयायियों एवं आरक्षण आदि का घोर विरोधी रहा है जिससे देश संविधान का समतामूलक व कल्याणकारी उद्देश्य पाने में काफी पीछे है, जो चिंताजनक है।

# पीडीए ही है लोकतंत्र का भविष्य : नेपाल सिंह

## बीजेपी सरकार पर जमकर बरसे सपा जिलाध्यक्ष, बोले प्रदेश में गरीब, शोषित, वंचितों पर बढ़ा अत्याचार

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर
ललितपुर। सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर पूरे प्रदेश में पीडीए जन चौपाल का आयोजन चल रहा है। जिसमें गांव गांव से अपार जन समर्थन मिल रहा है। बुधवार को पीडीए जन चौपाल का आयोजन नाराहट कस्बे में जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव की अध्यक्षता हुआ। चौपाल में बीजेपी सरकार की गलत नीतियों एवं नाकामियों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही संविधान की रक्षा एवं बाबा साहब के सम्मान को बचाने का संकल्प लिया गया। चौपाल को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह ने कहा कि पीडीए ही लोकतंत्र का भविष्य है। इसे संगठित होकर मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि जब से सूबे में भाजपा सरकार काबिज हुई है, तब से गरीब, शोषित, वंचितों पर लगातार अत्याचार हो रहा है। पुलिस थानों में प्रभुत्वशाली वर्ग का दबदबा है। सरकार के अडि़यल रवैये के कारण समाज और प्रदेश का विकास बाधित हो रहा है। चौपाल के दौरान जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष अनवर खान, अनुसूचित जाति प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन घायल, अनुसूचित जिलाध्यक्ष जयराम गौतम, मजदूर सभा जिलाध्यक्ष मुलायम अहिरवार, रामपाल निरंजन, प्रमोद गौतम, रितुराज यादव, द्वारका पटेल, कैलाश पटेल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपूत ने किया। वहीं महरौनी विधानसभा अध्यक्ष निर्भान सिंह यादव ने सभी का आभार जताया।



# अवैध संयोजन से बिजली का हो रहा व्यवसायिक उपयोग

## साड़ी लाइन का है पूरा मामला



एनपीटी ब्यूरो ललितपुर
ललितपुर। शहर के मध्य स्थित साड़ी लाइन में कुछ दुकानदारों द्वारा घरों से विद्युत संयोजन का अवैध कटिया डालकर व्यवसायिक प्रयोग किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि उक्त कपड़ों की दुकान में जब अवैध कटिया संयोजन से स्पार्किंग की खबर अन्य दुकानदारों को लगी, तो उन्होंने उक्त दुकानदार से अवैध संयोजन हटाकर विधिवत तरीके से विभागीय फीस जमा कर विद्युत संयोजन लेने की बात कही, जिस पर उक्त दुकानदार ने अन्य दुकानदारों पर आग बबूला होते हुये भगा दिया। गौरतलब है कि कपड़ों की दुकानों के बीच अवैध संयोजन के चलते किसी घटना-दुर्घटना होने की संभावनाएं भी काफी बलवती होती है। इस सम्बन्ध में जानकारी करने पर लोगों ने दबी जुबान में बताया कि किसी अन्य के घर से तार डालकर अवैध तरीके से विद्युत का प्रयोग व्यवसायिक रूप में किया जा रहा है, जिससे कि कभी भी कोई दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। दुकानदारों ने जिला प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर विद्युत विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित करते हुये उक्त दुकान पर छापेमारी कराकर अवैध संयोजन को हटवाये जाने की मांग उठायी है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवती द्वारा छेड़खानी का विरोध करने पर दी धमकी

ललितपुर। थाना पाली क्षेत्र में आने वाली एक युवती के साथ छेड़खानी का विरोध करने पर आरोपित द्वारा अभद्रता कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। युवती के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 18 फरवरी को उसकी 18 वर्षीय पुत्री बाजार से सामान लेने गयी थी। इसी दौरान बाइक से बंजरग गंढ निवासी इमरान खान पुत्र मुस्ताक खान ने पीड़ित की पुत्री को गलत नियत से पकड़ कर छेड़खानी करने लगा, मना करने पर आरोपित गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने नामजद आरोपित के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज किया है।

### दम्पत्ति के साथ की मारपीट

ललितपुर। नगर के मोहल्ला विष्णुपुरा निवासी रामबाबू पुत्र खेमचन्द्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 17 फरवरी की शाम वह घर पर था, तभी मोहल्ले में रहने वाला सोनू पुत्र सुनील, निखिल पुत्र राजकुमार व नीलेश पुत्र राजकुमार आ गये और गाली गलौज करने लगा, मना करने पर आरोपितों ने पीड़ित उसकी अपनी आरती व पुत्र आयुष के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने नामजद आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### 13 वर्षीय किशोर हुआ लापता, केस दर्ज

ललितपुर। नगर में स्थित गौर कॉलोनी में दुकान से सामान लेने गये 13 वर्षीय किशोर के लापता हो जाने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। गौर कॉलोनी निवासी रिवल यादव पुत्र देशराज सिंह ने पुलिस को बताया कि बीते रोज शाम के समय उसका 13 वर्षीय भतीजा शिवांश यादव दुकान से सामान लेने की बात कहकर घर से निकला था। काफी समय बीत जाने के बाद भी किशोर को घर वापस न आता देख परिजन खोजबीन करने लगे, कोई जानकारी न मिलते देख पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी, पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर किशोर की छानबीन शुरू कर दी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत, साथी घायल

ललितपुर। बीते मंगलवार की रात्रि थाना मड़ावरा के ग्राम पहाडी व मदनपुर के मध्य अज्ञात वाहन की टक्कर से बारात में शामिल होने आये बाइक चालक की मौत हो गयी, तो वही उसका झांसी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। मध्यप्रदेश के जनपद सागर के ग्राम मुडिया घुसाई निवासी सचिन पुत्र अर्जुन सिंह उम्र 21 वर्ष अपने गांव के विश्वनाथ पुत्र हल्ले लोधी उम्र 21 वर्ष के साथ गांव के थाना मड़ावरा के ग्राम पहाडी में आयी बारात में शामिल होने के लिये बाइक से आ रहा था। तभी मंगलवार की रात्रि ग्राम पहाडी व थाना मदनपुर के मध्य अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये, घायलों को उपचार के लिये मड़ावरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने सचिन को मृत घोषित कर दिया। तो वही विश्वनाथ की हालत गंभीर होने की जानकारी होने पर परिजन उसे उपचार के लिये सागर ले गये। मृतक तीन भाईयों में छोटा था, वह खेती किसान करता था।

### फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव, मिला पत्र

ललितपुर। थाना नाराहट के ग्राम कलरव में एक युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला, मौके पर पहुंची पुलिस को मृतक की जेब से एक पत्र व मोबाइल फोन बरामद कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। ग्राम कलरव निवासी दीपेन्द्र पुत्र हनुमत सिंह उम्र 24 वर्ष के परिजनों ने बताया कि बुधवार सुबह वह बिना कुछ कहे घर से निकल गया था। कुछ देर बाद घर से करीब एक किलोमीटर दूर स्थित बंधिया के पास से बकरियों के पत्ती तोडने गये ग्रामीण ने युवक का शव बबूल के पेड़ पर मुफलर के फंदे पर लटका देख परिजनों को सूचना दी। मृतक दो भाई व तीन बहन में चौथे नम्बर का था। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल व उसकी जेब से बरामद हुये पत्र को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। नाराहट थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि मृतक के पास से मिले पत्र में प्रेम में एक महिला द्वारा धोखा देने की बात का उल्लेख किया गया है, मृतक ने महिला के पति को भी उस पर विश्वास न करने की नसीहत दी है। मृतक द्वारा लिये गये पत्र में किसी भी व्यक्ति के कारण आत्महत्या करने की बात का कोई जिक्र नहीं है। लेकिन उसमे दुनिया छोडकर जाने की बात कही गयी है। पुलिस आत्महत्या के पीछे के कारण की जांच करने में जुट गयी है।

# पेंशनधारक आधार प्रमाणीकरण करायें

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर
ललितपुर। जिले के समस्त दिव्यांग पेंशन/कुष्ठावस्था पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिव्यांग भरण पोषण अनुदान, कुष्ठावस्था पेंशन एवं इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के लाभार्थियों को पेंशन की द्वितीय किश्त का प्रेषण एकाउण्ट बेस्ड पेमेंट के स्थान पर आधार बेस्ड पेमेंट प्रणाली के माध्यम से किया जाना है। इसके लिए लाभार्थियों के बैंक खातों में एनपीसीआई मेपर की प्रक्रिया को पूर्ण कराने के साथ आधार प्रमाणीकरण कराने के उपरान्त ही उन्हें आधार बेस्ड पेमेण्ट प्रणाली के माध्यम से पेंशन की धनराशि का भुगतान किया जा सकेगा। अतएव दिव्यांग पेंशन प्राप्त कर रहे समस्त लाभार्थी सम्बन्धित बैंकों में जाकर अपने बैंक खातों में एनपीसीआई मेपर की प्रक्रिया को पूर्ण कराने के साथ आधार प्रमाणीकरण कराये।

# जिला कारागार में बंदियों को संगम के पवित्र जल से कराया गया स्नान



एनपीटी ब्यूरो
चित्रकूट ब्यूरोः शासन के निर्देशानुसार शुक्रवार को महाकुंभ के अवसर पर प्रयागराज संगम से लाए गए पवित्र जल से जिला कारागार में बंदियों को स्नान कराया गया। इस दौरान बंदियों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ संगम से लाए गए पवित्र जल से स्नान और आचमन किया।

शुक्रवार को जेल अधीक्षक शशांक पाण्डेय, जेलर संतोष कुमार वर्मा, डिप्टी जेलर रजनीश कुमार सिंह, प्रमोद कुमार कनौजिया सहित अन्य सभी जेल अधिकारियों ने प्रयागराज संगम से लाए गए पवित्र जल का विधिविधान से पूजन व आचमन किया गया। जेल अधीक्षक ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ में स्नान से कोई वंचित न रहे, इस उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के कारागार मंत्री के निर्देशानुसार जेल में निरुद्ध बंदियों को इसका पुण्य प्राप्त कराने के लिए प्रयागराज संगम से लाए गए पवित्र जल से बंदियों को स्नान कराया जा रहा है। पवित्र जल से स्नान करने पर बंदियों में प्रसन्नता और उत्साह का संचार हुआ है। बंदियों ने बताया कि उन्होंने माता गंगा से अपने किए प्रत्येक गलती के लिए क्षमा प्रार्थना की और अच्छे जीवन के लिए प्रार्थना और कामना की। जेल अधीक्षक ने बताया कि शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश के सभी कारागार में निरुद्ध बंदियों को महाकुंभ के दिव्य अवसर पर संगम के पवित्र जल से स्नान कराया जा रहा है।

# अधिवक्ता संशोधन बिल का किया कड़ा विरोध

चित्रकूटः जिला कचहरी परिसर में शुक्रवार को अधिवक्ताओं द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता संशोधन बिल के विरुद्ध कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए विरोध किया। बैठक में एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि अधिवक्ता संशोधन बिल लाकर सरकार वकीलों की आवाज को दबाने का काम करना चाहती है। सरकार को वकीलों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और बैठने की व्यवस्था की कोई चिन्ता नहीं है। अधिवक्ताओं ने इस बिल के विरुद्ध कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए विरोध किया। वरिष्ठ अधिवक्ता आनन्द मिश्रा ने कहा कि अधिवक्ता संशोधन बिल वकीलों की शक्तियों को कम कर लोकतंत्र की हत्या करने का एक प्रयास है। जितेन्द्र उपाध्याय एडवोकेट ने कहा कि वकील हमेशा देश में अपनी कुर्बानी देते रहे हैं। वकीलों की आवाज को दबाने का कुत्सिक प्रयास घोर निंदनीय है। कुंवर रोहित सिंह ने कहा कि अधिवक्ता संशोधन बिल की जितनी निंदा की जाए कम है। इस मौके पर अनिल त्रिपाठी, देवशरण मिश्रा, विकास निगम, अलौकिकानंद, लक्ष्मण त्रिपाठी, सुरेन्द्र पयासी, अरुण टाइगर, नरेन्द्र सिंह लल्ला, रामआसरे विश्वकर्मा, त्रिभुवन सिंह, लक्ष्मण कुशवाहा, माधव विश्वकर्मा, अजीत मिश्रा, अनूप गुप्ता, लवकुश गौतम, ओंकार तिवारी, अशोक कुमार, राम सिंह आदि मौजूद रहे।

# श्री सुरेश बाबू जैन एडवोकेट शशांक जैन ने निराश्रित आश्रम के एक कमरे के निर्माण हेतु अन्नपूर्णा सेवा संघ को दान दिया

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर
अन्नपूर्णा सेवा संघ ललितपुर के अंतर्गत मनोरोगी, बेघर जरूरतमंद लोगों के जीवन यापन व इलाज हेतु निर्माणाधीन अन्नपूर्णा निराश्रित आश्रम में एक कमरे के निर्माण हेतु 2 लाख 51 रुपए की राशि के लिए शहर के प्रतिष्ठित श्री सुरेश बाबू जैन एडवोकेट श्रीमती स्नेह लता जैन श्री शशांक जैन एडवोकेट श्रीमती नेहा जैन परिवार द्वारा दोनों की शादी सालगिरह की उपलक्ष में स्वीकृति प्रदान की गई तथा अबिलंब उन्होंने अन्नपूर्णा सेवा संघ की कमेटी को दो लाख 51 हजार रुपए नगद प्रदान किये।

अन्नपूर्णा सेवा संघ ने उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अन्नपूर्णा सेवा संघ के पदाधिकारी ने बताया कि अन्नपूर्णा निराश्रित आश्रम का निर्माण टोरिया मंदिर के पास, सिद्धनपुरा, नेहरू नगर ललितपुर में 36 स्क्वायर फीट की जगह पर किया जा रहा है जिसमें दो मंजिल के निर्माण हेतु लगभग 50 लाख रुपए की आवश्यकता है निर्माण उपरांत ऐसे लोगों के रहने की व्यवस्था उसमें की जाएगी जो मानसिक रूप से असहाय तथा बेघर है जिनको अपनी कोई शुद्ध नहीं है उनकी सेवा करना ही अन्नपूर्णा सेवा संघ का उद्देश्य है निश्चित रूप से यह समाज की सबसे बड़ी सेवा है जो व्यक्ति अपनी व्यथा खुद खाने में सक्षम नहीं है ऐसे लोगों का आसरा देना अन्नपूर्णा सेवा संघ की प्राथमिकता है जिसके लिए अन्नपूर्णा सेवा संघ सभी से अपील करती है कि वह इस अभियान में उनके सहयोगी बनकर इस कार्य को पूरा करने मदद करके पुण्य अर्जित करें।

# प्रयागराज महाकुंभ के श्रद्धालुओं के लिए भोजन वितरण रहेगा जारी




चित्रकूट ब्यूरोः संत रणछोड़ दास महराज द्वारा स्थापित श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट द्वारा प्रयागराज महाकुम्भ में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए लगातार अनवरत निःशुल्क भोजन प्रसाद सेवा जारी है।

\ शुक्रवार को ट्रस्ट द्वारा संचालित प्रसाद वितरण शिविर मोहकमगढ़ तिराहे का रीवा संभागायुक्त बी.एस. जामोद, डीआईजी साकेत पाण्डेय, सतना जिलाधिकारी सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने अवलोकन किया। इस दौरान अधिकारियों ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर उनसे वार्ता कर जानकारी ली। ट्रस्टी डॉ बी.के. जैन ने बताया कि शिविर में पिछले आठ दिनों से 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। कहा कि यह गुरुदेव का प्रथम उद्देश्य है कि भूखे को भोजन के संदेश की पूर्ति में ट्रस्ट के सभी कार्यकताओं की सहभागिता है। अन्न सेवा का यह कार्य अनवरत जारी रहेगी। बताया कि महाकुंभ में चित्रकूट होकर आने जाने वाले तीर्थ यात्रियों को भोजन के लिए असुविधा न हो, इसलिए यह उपक्रम दो अन्य केंद्रों में भी किया जा रहा है।

# दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह का हुआ समापन, किया गया पुरस्कार वितरण

चित्रकूट ब्यूरोः जिला मुख्यालय के बेड़ी पुलिया स्थित गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे दो दिवसीय 29वें वार्षिक क्रीडा समारोह के समापन सत्र का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो विनय कुमार चैधरी द्वारा किया गया। इस दौरान खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार चैधरी ने कहा कि दो दिन तक चलने वाली इस खेल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया तथा अपने कौशल का प्रदर्शन किया। जिनमें कुछ विद्यार्थी विजयी हुए तो कुछ असफल रहे और सफलता को प्राप्त नहीं कर सके। बताया कि खेल प्रतियोगिताओं में विजय का उतना महत्व नहीं है जितना कि प्रतिभागिता का है। यदि खिलाड़ी सच्चे मन एवं दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करता है, तो उसे सफलता अवश्य मिलती है। प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की भी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस दौरान हुई 10,000 मी छात्र वर्ग दौड में विष्णु कुमार ने प्रथम, अर्पित कुमार ने द्वितीय व विनोद कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 5000 मी छात्र वर्ग दौड में दुर्जन ने प्रथम, गोलू ने द्वितीय व रामबाबू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1500 मी छात्र वर्ग दौड में रामबाबू ने प्रथम, दुर्जन ने द्वितीय व गोलू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद छात्र वर्ग में विष्णु कुमार ने प्रथम, आवेश सिंह ने द्वितीय व विनोद कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। त्रिकूद छात्र वर्ग में विनोद कुमार ने प्रथम, लोकनाथ ने द्वितीय व रविकान्त ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो छात्र वर्ग में विष्णु कुमार ने प्रथम, अमित यादव ने द्वितीय व अभिषेक कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हैमर थ्रो छात्र वर्ग में अभिषेक कुमार ने प्रथम, पीयूष कुमार ने द्वितीय व सचिन सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हैमर थ्रो छात्रा वर्ग में माधुरी यादव ने प्रथम, गीता देवी ने द्वितीय व नंदनी देवी धुरिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो छात्रा वर्ग में माधुरी यादव ने प्रथम, प्राची देवी ने द्वितीय व महिमा देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। त्रिकूद छात्रा वर्ग में रोशनी देवी ने प्रथम, गीता देवी ने द्वितीय व सियालली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लम्बी कूद छात्रा वर्ग में माधुरी यादव ने प्रथम, गरिमा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 800 मी छात्रा वर्ग दौड में महिमा देवी ने प्रथम, प्राची देवी ने द्वितीय व बबली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

\इस मौके पर क्रीड़ा सचिव डॉ राकेश कुमार शर्मा, प्राध्यापक डॉ गौरव पाण्डेय, डॉ राजेश कुमार पाल, डॉ रामनरेश यादव, डॉ मुकेश कुमार, डॉ अतुल कुमार कुशवाहा, डॉ धर्मेन्द्र सिंह, डॉ हेमन्त कुमार बघेल, डॉ नीरज गुप्ताए, डॉ गजेन्द्र सिंह, बलवन्त सिंह राजौदिया आदि मौजूद रहे।

# सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराएं अधिक से अधिक वाद- जिला जज

चित्रकूट ब्यूरोः राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जनपद में कार्यरत प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों के साथ तृतीय चरण की बैठक आयोजित की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि बैठक में जनपद न्यायाधीश ने आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण के लिए बल दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम, जल वाद, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक व वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व व चकबन्दी वाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूली वाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान व लघु आपराधिक वाद, आमवाद, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आये हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले), उपभोगता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाना है। जिला जज ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों से सम्बन्धित समस्त ऐसे मामले, जिनकों लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सकता है, को अधिक से अधिक चिन्हित कर उनमें पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामीला कराते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करने का प्रयास करें।

# जिला कलेक्टर ने किया फूल बाग एवं चोपानकी थाना भिवाड़ी का निरीक्षण, कानून व्यवस्था की ली जानकारी

## उप पंजीयन कार्यालय का निरीक्षण कर दिए निर्देश

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

खैरथल-तिजारा, 21 फरवरी। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने शुक्रवार को फूल बाग एवं चोपानकी थाना भिवाड़ी तथा उप पंजीयन कार्यालय भिवाड़ी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

थानों के निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने सबसे पहले पुलिस बटालियन से सलामी ली, इसके बाद उन्होंने थाना परिसर का दौरा किया। उन्होंने बंदीगृह, मालखाना समेत अन्य शाखाओं का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। कलेक्टर ने पिछले महीने दर्ज हुए मामलों की जानकारी लेते हुए उनके समाधान की स्थिति समीक्षा की। उन्होंने राज्य से बाहर



के बने आम लाइसेंस को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में दर्ज करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा, उन्होंने थाने में स्वीकृत पुलिस बल की संख्या और तैनात कर्मियों की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही, उन्होंने थाना क्षेत्र में मुख्य रूप से दर्ज होने वाले मामलों और उनकी अपराधिक प्रकृति की जानकारी ली।

इसके पश्चात उन्होंने उपपंजन कार्यालय भिवाड़ी का निरीक्षण किया। उन्होंने गत वर्ष की वसूली में पूर्ण प्रयास करते हुए वसूली किया जाना सुनिश्चित करने तथा निर्धारित आय लक्ष्य प्राप्त करने हेतु पूर्ण प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण प्रतिवेदन के बकाया आक्षेपों की अविलम्ब अनुपालना प्रेषित किया जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए की कैटलॉग रजिस्टर में रिकॉर्ड का पूर्ण इन्द्राज किया जाए तथा रैण्डम मौका निरीक्षण का प्रतिशत बहुत कम पाये जाने पर शेष का शीघ्र मौका निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ प्रबंधक रिको यूनिट प्रथम ज्ञानेंद्र शर्मा, जुडिशल शाखा प्रभारी विशाल गुप्ता, सामान्य शाखा प्रभारी आशीष तिवारी सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# आध्यात्मिक शक्ति केंद्र भगवान परशुराम तपोस्थली के जीर्णोद्धार की मांग

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

खैरथल। राजस्थान के जिला खैरथल के ब्लॉक मुण्डावर के गांव रैणागिरी मे स्थित पौराणिक स्थल भगवान परशुराम तपोस्थली के सौंदर्यकरण एवं पर्यटन स्थल बनाने की मांग विप्र कल्याण समिति खैरथल --तिजारा के अध्यक्ष संदीप मिश्रा एवं संरक्षक रविंद्रशर्मा ने सीएम भजनलाल शर्मा को पत्र भेज कर की है समिति ने जिला प्रशासन और राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा से मांग की है कि प्रसिद्ध आध्यात्मिक शक्ति स्थल भगवान परशुराम तपोस्थली के जीर्णोद्धार तथा सौदर्य करण से इस स्थल को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा



सकता है। ऐसा हो जाने से इस आध्यात्मिक स्थल को देखने के लिए लोग आसानी से पहुंच सकते हैं। तथा नये जिले खैरथल का विशेष दर्शनीय स्थल बनाया जा सकता है

चारों ओर पहाड़ो से घिरे जंगल की ऊंचाई पर स्थापित स्थल से प्राकृतिक सौंदर्य देखते ही बनता है। इस स्थान के विकसित होने से राज्य व देश से जिला मुख्यालय से लोगों का आना जाना सुविधाजनक हो जाएगा तथा यहीं पर बेनामी पीठ का आश्रम है जहां पूरे देश से श्रृदालुओ का आना जाना रहता है बेनामी आश्रम भी लोगो की आस्था और श्रृद्धा का प्रसिद्ध केंद्र है राजस्थान सरकार ने बजट मे ऐतिहासिक, पौराणिक, अध्यात्मिक स्थानों के पर्याप्त बजट का प्रावधान किया है सरकार और जिलाप्रसाशन को प्राथमिकता के आधार पर भगवान परशुराम की तपोस्थली का करना चाहिए ताकि इस स्थल का पर्यटन की दृष्टि से विकास हो सके।और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिल सके पत्र की कॉपी मुण्डावर विधायक ललित यादव, राज्यमंत्री संजय शर्मा,केंदीय मंत्री,सांसद भूपेन्द्र यादव को भी प्रेषित

# कांग्रेस की सोशल इंजीनियरिंग पर तंज, गोपाल केशावत बोले- जाट और अन्य पिछड़ा वर्ग का दबदबा बढ़ रहा

जयपुर । 'नई महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह इसी वर्ग से, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा इसी वर्ग से, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भी इसी वर्ग से...क्या राजस्थान कांग्रेस अब जाट कांग्रेस हो चुकी है?' राजस्थान कांग्रेस में जातीय संतुलन को लेकर एक बार फिर सवाल उठे हैं। कांग्रेस सरकार में राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त नेता गोपाल केशावत ने महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह की नियुक्ति पर सवाल खड़े करते हुए कांग्रेस की सोशल इंजीनियरिंग पर तंज कसा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि राजस्थान कांग्रेस में जाट और अन्य पिछड़ा वर्ग (डइउ) का दबदबा बढ़ता जा रहा है, जिससे पार्टी का जातीय संतुलन बिगड़ रहा है। केशावत ने लिखा, नई महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह इसी वर्ग से, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा इसी वर्ग से, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भी इसी वर्ग से...क्या राजस्थान कांग्रेस अब जाट कांग्रेस हो चुकी है?

केशावत ने स्पष्ट किया कि वह किसी जाति-धर्म के विरोधी नहीं हैं, लेकिन संवैधानिक अधिकारों की बात होने पर इस मुद्दे को उठाना जरूरी समझते हैं। उन्होंने कांग्रेस में जातीय संतुलन को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए लिखा कि किसान,



मजदूर, युवा, दलित और अल्पसंख्यक केवल दरी बिछानेश तक सीमित रह गए हैं, जबकि प्रमुख पदों पर कुछ खास जातियों का ही वर्चस्व बढ़ता जा रहा है।

कांग्रेस पर आरोपः दलित-अल्पसंख्यकों की अनदेखी?

केशावत के बयान के बाद यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या राजस्थान कांग्रेस में अन्य वर्गों, विशेषकर दलितों और अल्पसंख्यकों को नजरअंदाज किया जा रहा है? उन्होंने तर्क दिया कि पार्टी में अब सत्ता के प्रमुख केंद्र कुछ ही खास जातियों तक सिमट गए हैं, जबकि अन्य समुदाय केवल कार्यकर्ता स्तर पर ही सीमित रह गए हैं।

**राजनीतिक हलकों में हलचल**

केशावत के इस बयान के बाद राजस्थान की राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। उनके बयान से कांग्रेस में भीतरखाने नाराजगी पनप सकती है, क्योंकि यह मुद्दा पहले भी कई बार उठ चुका है। हालांकि, कांग्रेस पार्टी की ओर से अभी तक इस बयान पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। राजस्थान में कांग्रेस लंबे समय से जातीय संतुलन साधने का प्रयास करती रही है, लेकिन केशावत के बयान ने यह संकेत दे दिया है कि अंदरूनी असंतोष अभी भी बरकरार है। अब देखना होगा कि पार्टी इस मसले पर क्या रुख अपनाती है और क्या केशावत के बयान से कोई नई राजनीतिक बहस जन्म लेती है?

### मासूमों की मौत पर सियासत गरमाई, सांसद हनुमान बेनीवाल बोले-

# सरकार दोषियों को बचा रही

बीकानेर । परिजनों और ग्रामीणों ने नोखा से बीकानेर कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च किया और प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो और सांसद हनुमान बेनीवाल समेत कई कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

बीकानेर जिले के केड़ली गांव में सरकारी स्कूल की तीन छात्राओं की संदिग्ध परिस्थितियों में कुंड में डूबने से मौत के बाद मामला तूल पकड़ रहा है। तीन दिन बीत जाने के बावजूद शवों का पोस्टमॉर्टम नहीं होने से परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने नोखा से बीकानेर कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च किया और प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया।

कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो व सांसद हनुमान बेनीवाल समेत कई कार्यकर्ता भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर लापरवाही और मामले को दबाने के आरोप लगाए।



हनुमान बेनीवाल ने इस मुद्दे को लेकर सरकार और प्रशासन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अगर मृतक छात्राओं को न्याय नहीं मिला, तो यह लड़ाई आर-पार की होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि बीकानेर जिले के एक केन्द्रीय मंत्री और भाजपा विधायक होने के बावजूद इस गंभीर मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि सरकार ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों पर दबाव बना रही है, ताकि मामले को दबाया जा सके। बेनीवाल ने कहा कि दोषी अधिकारियों को तुरंत निलंबित कर गिरफ्तार किया जाए। प्रत्येक मृतक छात्रा के परिवार को 50-50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो।

**जयपुर कूच की चेतावनी, आर-पार की लड़ाई का एलान**

हनुमान बेनीवाल ने कहा कि अगर सरकार ने जल्द फैसला नहीं लिया, तो यह प्रदर्शन और बड़ा होगा। उन्होंने ऐलान किया की जब तक सरकार हमारी मांगें पूरी नहीं करती, हम यहां डटे रहेंगे। अगर न्याय नहीं मिला, तो हम जयपुर तक कूच करेंगे। इस घटना के बाद से गांव में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। प्रशासन की चुप्पी और निष्क्रियता से ग्रामीणों और परिजनों में भारी गुस्सा है। प्रदर्शनकारियों ने साफ कर दिया है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा। अब देखना होगा कि सरकार और प्रशासन इस पर क्या फैसला लेते हैं और पीड़ित परिवारों को न्याय मिल पाता है या नहीं।

# मदन राठौड़ होंगे राजस्थान BJP के नए प्रदेशाध्यक्ष, औपचारिक एलान बाकी...राजे और भजनलाल बने प्रस्तावक

जयपुर ।राजस्थान भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के लिए चुनाव प्रक्रिया शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में शुरू हो गई है। मदन राठौड़ ने प्रदेशाध्यक्ष के लिए नामांकन भर दिया है। सिंगल नाम होने से राठौड़ का अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है।

भारतीय जनता पार्टी में संगठन पर्व 2024 के तहत शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए मदन राठौड़ ने नामांकन प्रस्तुत किया। मदन राठौड़ के समर्थन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ पांच प्रस्तावकों ने नामांकन भरवाया। इन पांच प्रस्तावकों में पहला सीएम भजनलाल शर्मा, दूसरा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, तीसरा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुवेर्दी, चौथा जिला अध्यक्ष जयपुर शहर अमित गोयल और पांचवें प्रस्ताव के तौर पर राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों ने प्रस्तावक सदस्यों के साथ मिलकर मदन राठौड़ के समर्थन में नामांकन प्रस्तुत किया।

संगठन पर्व के प्रदेश चुनाव अधिकारी नारायण पंचारिया ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए चुनाव अधिकारी के तौर पर गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय भाई रूपाणी को राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था। शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष चुनाव अधिकारी विजय रूपाणी के समक्ष पांच प्रस्तावकों ने मदन राठौड़ के समर्थन में नामांकन प्रस्तुत किया। मदन राठौड़ के नामांकन में प्रस्तावक के तौर पर मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, सांसद-विधायक और पूर्व सांसद-पूर्व विधायक प्रस्तावक बनें।

रीट परीक्षा | पहली बार

# कई स्तरों पर निगरानी, परीक्षा 27 और 28 फरवरी को

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

अजमेर ।रीट परीक्षा 2024 में पहली बार फेस रिकग्निशन तकनीक का उपयोग किया जाएगा। गोपनीयता के लिए कई स्तरों पर निगरानी होगी। वहीं, परीक्षा 27 और 28 फरवरी को आयोजित की जाएगी।

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 27 से 28 फरवरी को आयोजित होने वाली राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) 2024 की तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा में नकल रोकने और पारदर्शिता बनाए रखने के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जा रहा है। बोर्ड पहली बार परीक्षा में फेस रिकग्निशन तकनीक का उपयोग करेगा। इसमें प्रवेश-पत्र में लगी फोटो का बार कोड के जरिए परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित अभ्यर्थी से मिलान किया जाएगा। उसके फिंगर प्रिंट भी लिए जाएंगे। बोर्ड परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी से निगरानी रखेगा। परीक्षा के दौरान केन्द्र लाइव देखे जा सकेंगे। परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश द्वार परीक्षा से एक घंटा पहले बंद हो जाएगा। अभ्यर्थी सादा कपड़ों, चप्पल या सैंडल में ही परीक्षा दे सकेंगे। परीक्षा केन्द्र पर किसी तरह की चेन या मैटल का आभूषण पहन कर आने की मनाही है।

बोर्ड प्रशासक महेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा 2024 का आयोजन 27 व 28 फरवरी को राजस्थान के समस्त जिलों में किया जाएगा। 27 फरवरी को प्रथम पारी में लेवल-1 तथा द्वितीय पारी में लेवल-2 के लिए तथा 28 फरवरी को तृतीय पारी में लेवल-2 के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी। रीट परीक्षा के लिए कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 14 लाख 29 हजार 822 है। इसमें लेवल-1 में कुल परीक्षार्थी 3 लाख 46 हजार 625, लेवल-2 में कुल परीक्षार्थी 9 लाख 68 हजार 501 तथा दोनों लेवल के लिए कुल परीक्षार्थी एक लाख 14 हजार 696 पंजीकृत हैं। इसमें 27 फरवरी को प्रथम पारी में 4 लाख 61 हजार 321, द्वितीय पारी में 5 लाख 41 हजार 599 तथा 28 फरवरी को 5 लाख 41 हजार 598




परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। रीट परीक्षा के लिए कुल 1731 परीक्षा केन्द्र राज्य के 41 जिलों में निर्धारित किए गए हैं।

जिलेवार परीक्षा केन्द्र

सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि अजमेर में 57, अलवर में 74, बालोतरा में 11, बांसवाड़ा में 34, बारां में 34, बाड़मेर में 48, ब्यावर में 17, भरतपुर में 93, भीलवाड़ा में 51, बीकानेर में 45, बूंदी में 23, चितौड़गढ़ में 22, चुरू में 47, दौसा में 47, डीग में 41, धोलपुर में 31, डीडवाना-कुचामन में 20, डूंगरपुर में 44, हनुमानगढ़ में 39, जयपुर में 233, जैसलमेर में 13, जालौर में 26, झालावाड़ में 44, झुनझुनूं में 64, जोधपुर में 75, करौली में 26, खैरथल-तिजारा में 12, कोटा में 67, कोटपुतली-बहरोड़ में 36, नागौर में 25, पाली में 21, फलौदी में 12, प्रतागढ में 26, राजसमंद में 21, सलूम्बर में 16, सवाई माधोपुर में 34, सीकर में 51, सिरोही में 24, श्रीगंगानगर में 35, टोंक में 37 तथा उदयपुर में 55 परीक्षा केन्द्र होंगे।

**जिलेवार अभ्यर्थी**

उन्होंने बताया कि अजमेर में 55804, अलवर में 65954, बालोतरा में 7912, बांसवाड़ा में 28976, बारां में 23215, बाड़मेर में 37354, ब्यावर में 13734, भरतपुर में 74164, भीलवाड़ा में 41352, बीकानेर में 38321, बूंदी में 19757, चितौड़गढ़ में 20982, चूरू में 37087, दौसा में 47391, डीग में 23765, धौलपुर में 22313, डीडवाना-कुचामन में 20355, डूंगरपुर में 43834, हनुमानगढ़ में 37831, जयपुर में 270018, जैसलमेर में 8202, जालौर में 14174, झालावाड़ में 30996, झून्झूनु में 48251, जोधपुर में 64999, करौली में 31861, खैरतल-तीजारा में 12267, कोटा में 53780, कोटपूतली-बहरोड़ में 34294, नागौर में 22882, पाली में 16631, फलौदी में 9668, प्रतापगढ़ में 22225, राजसमन्द में 18544, सलूम्बर में 11771, सवाईमाधोपुर में 27004, सीकर में 41877, सिरोही में 13764, श्री गंगानगर में 37430, टोंक में 36925, उदयपुर में 56854 अभ्यर्थी हैं।

**परीक्षार्थियों के लिए दिशा-निर्देश जारी**

बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा परीक्षार्थियों के लिये महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए है। इसके अनुसार परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में अपने साथ प्रवेश-पत्र, नीला अथवा काला पारदर्शी बॉल पॉईन्ट पेन, कोई एक मान्य फोटोयुक्त मूल आधार कार्ड पहचान-पत्र एवं इसके अनुपलब्ध होने पर ड्राइविंग लाईसेंस, निर्वाचन पहचान-पत्र आदि अन्य राजकीय फोटोयुक्त पहचान-पत्र मय स्वप्रमाणित फोटो प्रति लाना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई सामग्री लाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केन्द्र पर मोबाईल, केलक्यूलेटर, ब्लूटुथ या अन्य कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, घड़ी आदि, किसी प्रकार का आभूषण, पर्स, हैण्डबैग, डायरी इत्यादि लाना निषेध है। परीक्षार्थी इस प्रकार की कोई सामग्री साथ लाता है तो उसे अपनी स्वयं की जिम्मेदारी पर परीक्षा केन्द्र के बाहर रखना होगा। परीक्षा केन्द्र पर इन वस्तुओं को रखने व सुरक्षा की कोई व्यवस्था एवं जिम्मेदारी नहीं होगी।

एक घंटा पूर्व पहुंचना होगा

परीक्षार्थी का परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारम्भ होने के दो घण्टा पूर्व पहुँचना अपेक्षित है, ताकि पुलिस द्वारा फ्रिस्किंग आदि समय से की जा सके। परीक्षार्थी को परीक्षा समय से एक घंटा पूर्व केंद्र में प्रवेश करना अनिवार्य है। परीक्षार्थी को प्रथम पारी में प्रातः 9 बजे तथा द्वितीय पारी में अपरान्ह 2 बजे के पश्चात परीक्षा केन्द्र में प्रवेशाज्ञा नहीं दी जाएगी। परीक्षार्थी को किसी भी परिस्थिति में परीक्षा समाप्ति से पूर्व परीक्षा कक्ष छोडने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

परीक्षार्थी प्रवेश पत्र की कार्यालय प्रति पर वीक्षक के समक्ष हस्ताक्षर, स्वप्रमाणित पहचान पत्र की प्रति नत्थी कर वीक्षक को आवश्यक रूप से जमा कराएं। परीक्षार्थी को प्रश्न-पत्र ले जाने की अनुमति नहीं है। परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र वीक्षक को सौपकर ही परीक्षा कक्ष से बाहर निकले। परीक्षार्थी ओ.एम.आर. की मूल प्रति वीक्षक को जमा कराकर केवल ओ.एम.आर. की अभ्यर्थी प्रति ही ले जा सकेंगे। परीक्षार्थी को शर्ट एवं टी-शर्ट, कुर्ता, कुर्ती बिना जेब वाली गर्म जर्सी, स्वेटर जिसमें बड़े बटन नहीं लगे हो आदि एवं पैरो में पतले सोल की चप्पल, सेंडल पहनना अनुमत होगा। वेशभूषा में किसी भी प्रकार के मेटल से बने चैन, बटन आदि का उपयोग अनुमत नहीं होगा।

परीक्षार्थी को अनुचित साधन का उपयोग करते पाये जाने पर विधि के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी। प्रश्न पत्र हल करने के उपरांत अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से ओ.एम.आर. आंसर शीट जाँच ले कि समस्त प्रश्नों के लिए एक विकल्प (गोला) भर दिया गया है। इसके लिए ही निर्धारित समय से 10 मिनिट का अतिरिक्त समय दिया गया है। नियमानुसार आवश्यकता वाले विशेष योग्यजन को इस परीक्षा में 50 मिनट का अतिरिक्त समय देय होगा। श्रुतलेखक हेतु परीक्षार्थी को दो दिवस पूर्व केन्द्राधीक्षक से सम्पर्क करना होगा। विस्तृत निर्देश हेतु www.rajeduboard.rajasthan.gov.in/REET&2024 देखें।

# लापरवाही दिखाने वाले बैंकों पर एफआईआर के निर्देश

## ऋण के लिए भेजे गए 420 आवेदनों पर बैंकों ने नहीं दिखाई कोई दिलचस्पी, बैंकों के व्यवहार को लेकर डीएम सख्त

### डीएम ने कलेक्ट्रेट में सुनी व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याएं, निस्तारण के निर्देश

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने ऋण के लिए भेजे गए 420 आवेदनों पर कोई दिलचस्पी न दिखाने वाले बैंकों पर एफआईआर के निर्देश दिए हैं। डीएम ने कडी नाराजगी व्यक्त करते हुए लापरवाही बरतने पर कडी कार्रवाई की भी चेतावनी दी है। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे बैंकों से समन्वय बनाकर योजना में प्रगति लाएं तथा प्रतिदिन की रिपोर्ट उपलब्ध कराएं।




शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में डीएम अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में उद्योग बंधु व व्यापार बंधु की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उद्यमियों ने डीएम के समक्ष कई समस्याएं रखी जिस पर डीएम ने उनके निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने वित्तीय वर्ष 2024-25 एकल खिडकी योजना, निवेश मित्र योजना की भी समीक्षा की, साथ ही विभाग की योजना,एक जनपद एक उत्पाद, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की प्रगति की जानकारी ली। उपायुक्त उद्योग शामली जैस्मिन ने बताया कि योजना में 1 हजार के लक्ष्य के सापेक्ष 420 आवेदन पत्र बैंकों को ऋण के लिए भेजे गए थे जिन पर बैंकों द्वारा कोई सहयोग नहीं किया गया जिस कारण प्रगति खराब है। इस पर डीएम ने कडी नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि अधिकारियों को बैंकों से समन्वय बनाकर योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए, साथ ही योजना को लेकर लापरवाही दिखाने वाले बैंकों पर एफआईआर दर्ज कराने के भी निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि इस



मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सहायक आयुक्त उद्योग इशिता मित्तल सहित संबंधित अधिकारी, उद्यमी एवं व्यापारी मौजूद रहे। इसके बाद डीएम ने व्यापार बंधु की बैठक ली। व्यापारियों ने डीएम के समक्ष आईजीएल की लाइन डालने के कारण खराब हुई सडकों को ठीक कराने, पालिका बाजार के बाहर संचालित अवैध टेपों एवं फल सब्जी के ठेलों से जाम की समस्या करनाल रोड से जिला अस्पताल तक नहर की पटरी पर लाइट की व्यवस्था न होने, रोडवेज डिपो, रोडवेज बस स्टैंड, प्रधान डाकघर से संबंधित समस्याएं रखी, डीएम ने समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन देते हुए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर उपायुक्त प्रशासन विजय कुमार, राज्य कर सहायक श्रमायुक्त अचला पांडे सहित अन्य अधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

# नाले में पडा मिला लापता युवक का शव

## कई दिन से गायब था युवक, जेब से शराब का पव्वा, नमकीन के पाउच भी बरामद

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** शहर के माजरा रोड पर शुक्रवार की सुबह नाले से एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को नाले से बाहर निकलवाया। सूचना पर फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पडताल की। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक कई दिन से लापता था जिसके गुमशुदगी भी दर्ज करायी गयी थी। शुक्रवार की सुबह माजरा रोड स्थित एक बैंकेट हाल के पास नाले की सफाई के दौरान एक 25 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। मौके पर लोगों की भारी भीड भी जमा हो गयी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को नाले से बाहर निकलवाया। शव कई दिन पुराना लग रहा था और पानी में पडा रहने के कारण काफी फूल चुका था। पुलिस की सूचना पर फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची तथा जांच



पडताल शुरू की। शव की जेब से एक शराब का पव्वा, नमकीम के पाउच भी बरामद हुए जिससे संभावना जतायी जा रही है कि युवक शराब का आदी था। बाद में मृतक की पहचान शुभम पुत्र यशपाल निवासी गांव सिलावर थाना आदर्श मंडी के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को भी मामले की जानकारी दी जिससे उनमें कोहराम मच गया। परिजन भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि शुभम कई दिन से लापता था जिसके संबंध में आदर्श मंडी थाने में 18 फरवरी को उसकी गुमशुदगी भी दर्ज करायी गयी थी लेकिन इसके बावजूद भी उसका कोई सुराग नही लग पाया था। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि शुभम 15 दिन पूर्व ही गौशाला रोड पर एक दुकान से तांबा चोरी के मामले में जेल से बाहर आया था। उसके खिलाफ आदर्श मंडी थाने में भी एक मुकदमा दर्ज है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पडताल में जुट गयी है।

# चेयरमैन पर अपमानित करने का आरोप, सफाईकर्मियों का हंगामा

**एनपीटी संवाददाता**

**कैराना।** शुक्रवार की शाम नगरपालिका कार्यालय पर सफाई कर्मचारियों ने हंगामा कर दिया। इसके बाद वह कोतवाली में पहुंचे। जहां उनके द्वारा लिखित तहरीर दी गई। उत्तर प्रदेश की सफाई कर्मचारी संघ के शाखा अध्यक्ष दीपक कुमार पाहिवाल ने बताया कि नगर में सफाई कर्मचारी द्वारा अपना कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान एक व्यक्ति द्वारा कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार किया गया। बाद में उन्हें चेयरमैन द्वारा अपने आवास पर बुलाया गया। आरोप है कि चेयरमैन द्वारा आरोपी व्यक्ति का पक्ष किया गया तथा कर्मचारी व उनके साथ अपशब्दों का प्रयोग किया। उन्हें जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया गया। इसके बाद कहा गया कि खड़े होकर भागो। दीपक कुमार पाहिवाल का यह भी आरोप है कि उनकी साथ चेयरमैन का यह व्यवहार पहली बार नहीं, बल्कि सातवीं बार का है। उन्होंने



चेयरमैन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही, यह भी चेताया कि शनिवार को समस्त सफाई कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। उधर, नगरपालिका के चेयरमैन शमशाद अहमद अंसारी का कहना है कि उन पर लगाए गए आरोप निराधार है।

### खनन अधिनियम में दोषी को सजा

कैराना। वर्ष 1998 में थाना झिंझाना पर जबरा उर्फ झबरा निवासी गांव दभेड़ी कैराना के विरुद्ध रेत चोरी और खनन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। कैराना स्थित सिविल जज जूनियर डिवीजन/ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने दोषी को जेल में बिताई अवधि की कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# ड्रग्स सप्लायर की तलाश में हरियाणा पुलिस की दबिश

**एनपीटी संवाददाता**

**कैराना।** ड्रग्स सप्लायर की तलाश में हरियाणा पुलिस ने तितरवाड़ा में दबिश दी। आरोपी के नहीं मिलने पर हरियाणा पुलिस वापस लौट गई।

शुक्रवार को हरियाणा के जनपद करनाल के थाना निघडू के एसआई सतीश कुमार ने अपनी टीम के साथ कोतवाली पहुंचकर आमद दर्ज करायी। हरियाणा पुलिस के साथ ड्रग्स के साथ पकडे गये विक्रम निवासी बरसाना थाना पुंडरी जनपद कैथल व रामकरण उर्फ रिंकु निवासी सिरसल थाना पुंडरी जिला कैथल भी थे, जिन्हें हरियाणा पुलिस ने कस्टडी रिमांड पर लिया था। बाद में हरियाणा पुलिस ने स्थानीय पुलिस को साथ लेकर पीसीआर पर लाये गये ड्रग्स तस्करों की निशानदेही पर तितरवाडा में सप्लायर की तलाश में दबिश दी। आरोपी के नहीं मिलने पर हरियाणा पुलिस वापस लौट गई।

# प्रस्तावित प्रावधानों के विरोध में न्यायिक कार्यों से विरत रहे तहसील के अधिवक्ता

## ट्रेजरी एवं रजिस्ट्री कार्यालय का किया घेराव, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** भारत सरकार द्वारा एडवोकेट एक्ट में संशोधन हेतु लाए गए अमेटमेंट बिल के प्रस्तावित प्रावधानों व अधिवक्ताओं के अधिकारों के हनन के विरोध में शुक्रवार को जिला बार एसोसियेशन के अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे। इस दौरान अधिवक्ताओं ने ट्रेजरी एवं रजिस्ट्री कार्यालय का भी घेराव किया तथा राष्ट्रपति से प्रस्तावित संशोधनों को वापस लिए जाने की मांग की। शुक्रवार को जिला बार एसोसियेशन की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भारत सरकार द्वारा एडवोकेट एक्ट में संशोधन हेतु लाए गए अमेटमेंट बिल के प्रस्तावित प्रावधानों के अधिवक्ता एवं अधिवक्ताओं की मातृ संस्था स्टेट बार काउंसिल के अधिकारों



के हनन पर आक्रोश जताया गया तथा प्रस्तावित संशोधनों के विरोध में सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे। अधिवक्ताओं ने ट्रेजरी एवं रजिस्ट्री कार्यालय का भी घेराव किया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं कानून मंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर प्रस्तावित प्रावधानों को वापस लिए जाने की मांग की। इस मौके पर अध्यक्ष राजपाल एडवोकेट, जसपाल राणा, रूपेश शर्मा, महेन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार वर्मा, अशोक कुमार, सत्यांशु वर्मा, मणिकांत शर्मा, सत्यपाल सिंह, अजयपाल सिंह चौहान मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार :

### मारपीट में एक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

कैराना। गांव बराला कुकरहेडी निवासी फरजाना ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुधवार सुबह 10 बजे वह अपने पति आसिफ के साथ गांव के ही लाल्ला के खेत में गन्ने का बीज छीलने गई थी। इस दौरान वहां पर गांव का ही जुल्फकार वहां आया और गाली गलौज करते हुए गन्ने के बीज छीलने का विरोध किया। इसी को लेकर आरोपी ने सांटे की लाठी से उसके पति के साथ मारपीट की। मारपीट में उसका दांत भी तोड़ दिया। अन्य लोगों के आने जाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### किसान की मौत पर पिकअप चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

कैराना। गांव तितरवाडा निवासी मनोज ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुधवार सुबह करीब आठ बजे उसका चचेरा भाई राजवीर बाइक द्वारा शादी में शामिल होने के लिए सहारनपुर जा रहा था। मोहल्ले का ही पारिक भी लिफ्ट लेकर उसकी बाइक पर बैठ गया। तभी मदरसे के पास विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही पिकअप गाड़ी ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे राजवीर की मौत हो गई तथा पारिक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक पिकअप गाड़ी को छोड़कर फरार हो गया। मामले में पुलिस ने पिकअप चालक के विरुद्ध लापरवाही से गाड़ी चलाने के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया।

# भाजू में दिल्ली-देहरादून कोरीडोर पर कट देने की मांग

## थानाभवन विधायक अशरफ अली खान ने यूपी विधानसभा के सत्र में प्रमुखता से उठाई मांग

**एनपीटी संवाददाता**

**जलालाबाद।** उत्तर प्रदेश की विधानसभा में चल रहे सत्र में थानाभवन विधायक अशरफ अली खां ने महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलते हुए थानाभवन क्षेत्र के विकास से जुडी हुई कई अहम मांगे विधानसभा में रखी। उन्होने गांव भाजू में दिल्ली देहरादून कॉरिडोर पर कट दिये जाने और थानाभवन क्षेत्र के तीन गांवों को नगर पंचायत का दर्जा दिये जाने की मांग रखी।

गुरूवार को थानाभवन विधायक अशरफ अली खां ने विधानसभा में सरकार द्वारा कराये जा विकास कार्यो की सरहना करते हुए थानाभवन क्षेत्र में अधूरे पडे विकास कार्यो की मांग रखी। उन्होने दिल्ली देहरादून कॉरिडोर हाइवे पर गांव भाजू में हाईवे कट दिये जाने की मांग को राज्य सरकार द्वारा केन्द्र सरकार से कराने की मांग रखी। उन्होने कहा लगभग छः माह से किसान और स्थानीय लोग धरने पर बैठे है। कट के अभाव में



स्थानीय लोगों और किसानों को काफी परेशानी होगी। कहा कि कट दिये जाने से क्षेत्रवासियों को सुगम यात्रा सुविधा मिलेगी। विधायक अशरफ अली खां ने कहा कि थानाभवन विधानसभा क्षेत्र के गांव भैंसानी इस्लामपुर, हसनपुर लुहारी और गढी अब्दुल्लाह खां की जनसंख्या और विकास को ध्यान में रखते हुए इन्हें नगर पंचायत का दर्जा दिया जाना जरूरी है। उन्होने सरकार से आग्रह किया कि इन गांवों के नगर पंचायत बनने के बाद लोगों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। विधायक अशरफ अली खां ने जलालाबाद गंगोह रोड स्थित गंदेवडा संगम स्थल पर पुलिस चौक पोस्ट बनाने की मांग और थानाभवन में स्टेडियम बनाने की मांग रखी। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, शौचालय निर्माण और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। विधायक अशरफ अली द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए सरकार से की गई मांग की क्षेत्रवासियों ने सरहना की।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए बैठक का आयोजन



कैराना। आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की गई। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आगामी आठ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। शुक्रवार को जनपद न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश विकास कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत सीमा वर्मा अपर जिला सत्र न्यायाधीश के अलावा एसडीएम कैराना व ऊन, आबकारी विभाग, कृषि विभाग, पुलिस क्षेत्राधिकारी कैराना, शामली व थानाभवन, जिला प्रोबेशन विभाग, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए विचार विर्मश किया गया तथा अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करा कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए अपना योगदान देने को कहा गया।

# काली पट्टी बांधकर संशोधन बिल पर जताया विरोध



कैराना। अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर अधिवक्ता संशोधन बिल पर विरोध जताया। बाद में अधिवक्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन दिया।

शासन द्वारा अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन की तैयारी चल रही है। अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन को अधिवक्ताओं के हितों के विरूद्ध मानते हुए बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश अधिवक्ता संशोधन बिल का विरोध कर रहा है। बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने हाथ पर काली पट्टी बांधकर बिल का विरोध जताया। बाद में अधिवक्ताओं ने एसडीएम स्वप्निल यादव को ज्ञापन देते हुए अधिवक्ता संशोधन बिल को लागू नहीं कराये जाने की मांग की।

# गृह और जल कर के लिए सर्वे में जुटी पालिका

**एनपीटी संवाददाता**

### मोबाइल ऐप बनवाने की भी चल रही तैयारियां, घर बैठे जमा कर सकेंगे टैक्स

**कैराना।** प्रमुख सचिव द्वारा अधिशासी अधिकारी को नोटिस भेजे जाने के बाद नगरपालिका ने गृह कर व जल कर बढाने के लिए भवनों के सर्वे का कार्य शुरू करा दिया है। इसके अलावा मोबाइल ऐप बनवाने की तैयारी भी चल रही है। ऐप के संचालित होने के बाद घर बैठे ही टैक्स जमा कर सकेंगे।

नगरपालिका द्वारा 2006 में भवनों पर गृह व जल कर के लिए सर्वे कराया गया था, लेकिन इसके बाद सर्वे नहीं हुआ था। 20 दिसंबर 2024 को प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश अमृत अभिजात द्वारा नगरपालिका के ईओ को नोटिस भेजते हुए सर्वे का कार्य कराने के आदेश दिए थे। कर अधीक्षक शाकिर हुसैन ने बताया कि तीन वार्डों 26, 27 व 28 का सर्वे कार्य पूरा हो चुका है। 7 टीमें वार्ड संख्या 1, 2, 3, 4, 5, 7 व 8 सर्वे का कार्य कर रही है। कर निर्धारण के लिए सर्वे का आधार मकान के आगे सड़क की चौडाई व मकान में लिंटर सीसी का अथवा ईंटों को बना है या मकान कच्चा है। इसके अलावा मकान कितने साल पुराना है, इसको भी ध्यान में रखा जा रहा है। एक अप्रैल 2025 तक सभी 28 वार्डों के सर्वे का कार्य पूरा कराने के साथ ही कर का निर्धारण कर दिया जाएगा। नगरपालिका गृह व जल कर आनलाइन जमा कराने के लिए मोबाइल ऐप बनवाने की तैयारी कर रही है।

ऐप में नगरपालिका सभी मकान व प्रतिष्ठानों की जानकारी सेव करेगी। इसके बाद किसी भी मकान का मालिक अपने मोबाइल पर ऐप खोलकर उसमें अपना मोबाइल नंबर अथवा मकान नंबर या अपना नाम भरेगा। इसके बाद ऐप के माध्यम से कर की सारी जानकारी मिलने के साथ ही आनलाइन जमा किया जा सकेगा।

# भारी बारिश से नालियों का पानी सडकों पर आया, लोगों को परेशानी

## कई जगह पैदा हुई फिसलन, दुकानों व घरों के आगे फैली गंदगी को साफ करने के लिए जुटे रहे लोग, दिन में मौसम रहा साफ, खिली धूप

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** गुरुवार की रात हुई तेज बारिश व ओलावृष्टि के चलते कई जगहों पर नालियों का पानी सडकों पर आने से फैली गंदगी के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा। शुक्रवार की सुबह दुकानों व घरों के आगे फैली गंदगी को साफ करने के लिए लोग जुटे रहे। कई जगह फिसलन पैदा होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा। हालांकि शुक्रवार को मौसम पूरी तरह साफ रहा और धूप खिली रही।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को मौसम में परिवर्तन देखने को मिला था। सुबह के समय हल्की बारिश होने व ठंडी हवाएं चलने से लोगों को ठंडक का अहसास हुआ था।



हालांकि पूरे दिन आसमान में कभी धूप तो कभी बादल का दौर जारी रहा था लेकिन शाम के समय अचानक मौसम का मूड एक बार फिर बिगड गया और देखते ही देखते बिजली की गडगडाहट के बीच तेज बारिश होने लगी। बारिश इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में शहर के कई हिस्सों में पानी भर गया। तेज बारिश के कारण लोग जहां के तहां फंस गए। बारिश के चलते नालियों का गंदा पानी व कीचड सडकों पर फैल गया जिसके कारण कई जगह फिसलन होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा। देर रात तक बारिश का दौर जारी रहा। शुक्रवार की सुबह बारिश से सडकों, दुकानों व घरों के आगे फैली गंदगी को साफ करने के लिए दुकानदारों व आम लोगों को मुश्किलों का सामना करना पडा। शहर के माजरा रोड, रेलवे रोड, नेहरु मार्किट, कबाडी बाजार, बडा बाजार सहित कई जगहों पर लोगों को साफ करते देखा गया। हालांकि शुक्रवार को मौसम पूरी तरह साफ रहा और धूप खिली रही।

### बारिश से गेहूं की फसल को नुकसान

शामली। गुरुवार की रात हुई तेज बारिश व हवाएं चलने से गेहूं की फसल को भी नुकसान पहुंचा है जिससे किसानों के चेहरों पर चिंता साफ नजर आ रही है। किसानों का कहना है कि बारिश के कारण गेहूं, सरसों व आलू की फसलों को नुकसान पहुंचा है। बारिश के कारण खेतों में पानी भरने से फसलें खराब हो जाती है। वहीं तेज हवाओं के कारण गिरी फसल के दाने कमजोर हो जाते हैं, इससे न केवल पैदावार घटती है बल्कि अनाज की गुणवत्ता पर भी असर पडता है।

# कार ने ठेली में मारी टक्कर, युवक गंभीर घायल

## हायर सेंटर के लिए किया गया रैफर, कार चालक हिरासत में लिया

**एनपीटी संवाददाता**

**जलालाबाद।** दिल्ली सहारनपुर हाइवे पर तेज रफ्तार कार ने एक ठेली चालक को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां से उसे हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया गया। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में ले लिया है। शुक्रवार की सुबह 9 बजे जलालाबाद के रामरतन मण्डी निवासी राजू पुत्र श्रीचंद अपनी छोले भटूरे की ठेली लेकर जलालाबाद के टोल प्लाजा पर जा रहा था। जब वह जलालाबाद बिजलीघर के निकट पहुचा तो पीछे आ रही एक तेज रफ्तार कार ने राजू को जोरदार टक्कर मार दी जिससे राजू ठेली समेत दूर जा गिरा। हादसे में ठेली भी क्षतिग्रस्त हो गयी, वहीं राजू




गम्भीर रूप से घायल हो गया। आस पास से गुजर रहे लोगों द्वारा डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल राजू को उपचार के लिए थानाभवन चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां से हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया गया। पुलिस ने कार चालक राजेश निवासी विकासनगर को हिरासत में ले लिया है। चालक राजेश ने बताया कि वह गुडगांव से विकासनगर जा रहा था, नींद की झपकी के चलते कार का नियंत्रण बिगड गया जिस कारण उसकी कार ठेली से जा टकराई। पुलिस चौकी प्रभारी पवन उपाध्याय ने बताया कि अभी तहरीर नही मिली है, तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

# वाटर रिचार्ज कर हम अपनी धरती को खुशहाल बना सकते हैं - डीसी



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार व प्रधानमंत्री कृषी सिंचाई योजना 2.0 के तत्वावधान में आयोजित झारखण्ड जलछाजन मिशन के तहत वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम का आयोजन 21 फरवरी 2024 को पाकुड़ स्थित रविन्द्र भवन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ उपायुक्त मनीष कुमार, डीडीसी महेशपुर कुमार संथालिया, संसाद प्रतिनिधि श्याम यादव, विधायक प्रतिनिधि अजीजुल इसलाम, कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, पाकुड़ विधायक प्रतिनिधि गुलाम अहमद व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक भगत अन्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से गांव का पानी गांव में रोकना मुख्य उद्देश्य के तहत टीसीबी, जलकुंड अन्य का निर्माण कर जल संरक्षण की बहुमुखी अवयवों पर प्रकाश डाला गया। वही जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि अजीजुल इसलाम ने सरानाह किया। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना की बासस्तविक क्रियान्वयन लक्ष्य के अनुरूप तभी माकूल होगा, जब ग्रामीणों की भी अहम भागीदारी सुनिश्चित हो, उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के बगैर सहयोग के सफलता की शिखर पर ले जाने कभी भी सम्भव नहीं है। अतः सकारात्मक पहल करना सुनिश्चितता करना चाहिए। वही जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार ने भी पानी का संरक्षण से सम्बन्धित की सुझाव साझा किया। साथ सांसद प्रतिनिधि श्याम यादव ने भी कार्यक्रम के ध्यानार्थ विशेष रूप से सम्बन्धित अवयवों पर प्रकाश डाला। वही उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मृदा एवं जल संरक्षण हेतु लोगों में जन भागीदारी के माध्यम से जलछाजन के बारे में जागरूकता, ग्रामीणों की सहभागिता बढ़ाने, प्राकृतिक संसाधनों जैसे- उपजाऊ मिट्टी, भू-गर्भ जल, जंगल, पशुधन का उचित प्रबंधन करने तथा खेती एवं आजीविका को बढ़ाकर लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना है। उपायुक्त ने जल है तो कल है का नारा लगाया। उपायुक्त ने सभी लोगों से जल की बबार्दी न करने की अपील किया। उपायुक्त ने कहा कि पानी बचाना एक मानवता के लिए सबसे बड़ा काम है जो आप कर सकते हैं। इस परिसर में मॉडल भी लगे हैं, आप देखिए कैसे जल को बचाया जा सकता है। टीसीबी कैसे किया जा सकता है। मनरेगा से योजनाओं को कैसे ले। हम जलकुंड कैसे निर्माण कर सकते हैं। पाकुड़ जिला जहां अनियमित वर्षा के कारण अधिकांश क्षेत्र सूखा तथा कृषि कार्य को प्रभावित करती है, जिसके कारण जलछाजन कार्यक्रम की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है।

उ इस कार्यक्रम द्वारा संसाधनों का सही उपयोग तथा वर्षा जल का समुचित प्रबंधन कर ग्रामीण क्षेत्र का सवार्गीण विकास संभव है। उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने बताया कि जल संरक्षण आज के दौर की सबसे बड़ी जरूरत है। जल संरक्षण के लिए जन भागीदारी को बढ़ावा देना है, ताकि वर्षा जल का संरक्षण कर खेती-बाड़ी और आजीविका को सुनिश्चित किया जा सके। बताया कि मिट्टी हमारे जीवन का आधार है और इसका संरक्षण कृषि उत्पादकता और पर्यावरण संतुलन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। भूमि संरक्षण प्रबंधन से वर्षा जल का संरक्षण और उपयोग करना, मिट्टी के कटाव को रोकना, भूजल स्तर को बढ़ाना और जल संसाधनों का समुचित उपयोग करना है। जलछाजन के प्रति लोगों को जागरूक होना बहुत जरूरी है।

# पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त टीम की कारवाई से अवैध पोस्ता की खेती ध्वस्त





**एनपीटी ब्यूरो**

बारियातू थाना पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा शुक्रवार को एक बड़ी कारवाई करते हुए बालुभांग पंचायत के इंदुआ और डाकादिरी ग्राम के सीमावर्ती क्षेत्रों में मानत नदी से सटे वन भूमि पर की गई अवैध पोस्ता की खेती को नष्ट कर दिया गया। इस कारवाई में लगभग 15- 17 एकड़ भूमि में फैली अवैध फसल को नष्ट किया गया। थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि बालुभांग पंचायत के दाकादीरी और इंदुआ गांव के नदी किनारे बड़े पैमाने पर अवैध पोस्ता की खेती की गई है। सूचना के आधार पर बालूमाथ अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बिनोद रवानी के निदेर्शानुसार एक विशेष टीम का गठन किया गया और गठित टीम ने चिन्हित स्थानों पर अभियान चलाकर ट्रैक्टर से रौंदकर, ग्रासकटर और लाठी-डंडों की मदद से अवैध पोस्ता की खेती को पूरी तरह से नष्ट किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस अवैध खेती में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की जा रही है, जल्द ही पहचान कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कारवाई की जायेगी।

इस अभियान में फोरेस्टर मंगल सिंह, थाना पुलिस एंव वन विभाग के कई पदाधिकारी, व कर्मी और जवान शामिल थे।

# आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल मामले में ईडी को हाईकोर्ट से झटका

## पोस्टिंग रोकने को लेकर दायर याचिका हुई खारिज



एनपीटी ब्यूरो, रांची, आईएएस पूजा सिंघल को बड़ी राहत मिल गयी है। खूंटी मनरेगा घोटाला मामले में फंसी आईएएस पूजा सिंघल के खिलाफ ईडी की याचिका हाईकोर्ट ने रद्द कर दी है। दरअसल पोस्टिंग पर रोक लगाने के लिए ईडी ने याचिका दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि पोस्टिंग से उनके खिलाफ जांच प्रभावित हो सकती है। लेकिन हाईकोर्ट ने पोस्टिंग वाली ईडी की याचिका खारिज कर दी है। पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने खारिज कर दिया हैं। ईडी ने याचिका दाखिल कर कोर्ट से पूजा सिंघल का किसी भी विभाग में पोस्टिंग पर रोक लगाने की मांग किया था। ईडी ने याचिका में कहा था कि पूजा सिंघल का किसी विभाग में पोस्टिंग किए जाने से प्रभावित हो सकती है। आपको बता दे कि ईडी कोर्ट से जमानत मिलने के बाद राज्य सरकार ने पूजा सिंघल के निलंबन वापस ले लिया है। कोर्ट का आदेश से पूर्व राज्य सरकार ने पूजा सिंघल को प्राद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग के सचिव के पद पर नियुक्त कर दिया है। इसके साथ ही झारखण्ड कम्युनिकेशन नेटवर्क लिमिटेड की मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी की भी अतिरिक्त पदभार दिया गया है। 28 महीनों तक जेल में गुजारने के 7 दिसंबर को कोर्ट से जमानत मिली है। खूंटी मनरेगा घोटाला मामले में पूजा सिंघल ट्रायल फेस कर रही है। बता दे कि 11 मई 2022 को ईडी ने गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी से पहले 6 मई 2022 को ईडी ने छापेमारी की थी। इस दौरान सीए सुमन कुमार सिंह के ठिकाने से 19.31 करोड़ रुपए बरामद किया गया था। ईडी की तरफ से कोर्ट में कहा गया था कि पद का दुरुपयोग कर जांच और गवाहों को प्रभावित कर सकती है।

# मकु मुर्मू को ट्राई साइकिल दिलाने में सामसुन मुर्मू ने की अहम भागीदारी



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ जिले के वासेतपुर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत बाबू दहा गांव के मकु मुर्मू 15 वर्षों से लाचारी की अवस्था में जी रहे थे। साथ ही ट्राई साइकिल के लिए लंबी समय से इंतजार कर ही रहे थे कि क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी व जिला परिषद सदस्य सामसुन मुर्मू का दौरा हुआ। इस दौरान मकु मुर्मू ने ग्रामीणों की सहयोग से जिला परिषद सदस्य सामसुन मुर्मू को अपनी व्यथा प्रकट की। साथ ही ग्रामीणों ने भी उनकी लाचारी की अवस्था को जिला परिषद सदस्य सामसुन मुर्मू के समक्ष पेश किया। वही जिला परिषद सदस्य सामसुन मुर्मू ने आपबीती सुनने के पश्चात तत्काल विभाग से सम्पर्क करते हुए 15 वर्षों से लाचारी की अवस्था में जी रहे मकु मुर्मू को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। ट्राई साइकिल पाकर मकु मुर्मू बेहद खुश नजर आये और जिला परिषद सदस्य सामसुन मुर्मू को दुआएं दी। इस दौरान पीड़ित के परिजनों समेत सेविका सलोनी मुर्मू, एमपीडब्ल्यू, अलविनुस सोरेन व गारमीण मौजूद थे।

# डीजीपी नियुक्ति को ले बाबूलाल मरांडी ने सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती



**एनपीटी ब्यूरो**

सुप्रीम कोर्ट में बाबूलाल मरांडी ने अवमानना याचिका दायर कर डीजीपी नियुक्ति को चुनौती दी है। उन्होंने अनुराग गुप्ता को झारखण्ड सरकार द्वारा नियमित डीजीपी बनाये जाने पर सवाल उठाया है। 24 फरवरी को ये केस लिस्टिंग हो सकती है। जानकारी के मुताबिक बाबूलाल मरांडी की ओर से 13 फरवरी को अवमानना याचिका दायर की थी। अवमानना याचिका पर अधिवक्ता कुमार मिहिर ने अनुराग गुप्ता की नियमित डीजीपी के रुप में नियुक्ति को अवैध बताते हुए कई कारण बताये हैं। याचिका में बाबूलाल मरांडी ने मुख्य सचिव अलका तिवारी, डीजीपी अनुराग गुप्ता, सेवानिवृत्त सह- नॉमिनेशन कमेटी के चेयरमैन जस्टिस रत्नाकर भेंगरा, गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल और पूर्व डीजीपी नीरज सिन्हा को इस केस में प्रतिवादी बनाया है। अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को अवैध बताते हुए कहा गया है कि 25 जुलाई 2024 में एक्टिंग डीजीपी बनाना रिट सिविल नंबर 310/1996 मामले में 3 जुलाई 2018 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा आये आदेश का उल्लंघन है। अजय कुमार सिंह को विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद 28 नवंबर 2024 को अनुराग गुप्ता को एक्टिंग डीजीपी बनाया गया था। ऐसा करना रिट सिविल नंबर 310/1996 में 3 जुलाई 2018 को आए सुप्रीम कोर्ट द्वारा आये फैसले का उल्लंघन है। अवमानना याचिका में यह कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के 22 सितंबर 2006 को हढ (उ) संख्या 310/1996 मामले में आदेश के अनुसार राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) का चयन राज्य सरकार द्वारा विभाग के तीन वरिष्ठतम अधिकारियों में से किया जायेगा।

# डीसी ने मुख्यमंत्री दाल-भात केन्द्र का लिया जायजा, भोजन कर गुणवत्ता को परखा

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ जिले के हिरणपुर प्रखण्ड स्थित मुख्यमंत्री दाल भात केन्द्र का उपायुक्त मनीष कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हिरणपुर बाजार में संचालित मुख्यमंत्री दाल-भात केन्द्र में आमजनों को भोजन कराया जा रहा था। उपायुक्त ने भोजन कर रहे लोगों की संख्या की जानकारी ली, साथ ही परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की। उपायुक्त ने कहा कि भोजन निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाए। गुणवत्ता जांच के लिए उपायुक्त मनीष कुमार के साथ विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी टुडु दिलीप एवं अंचलाधिकारी मनोज कुमार, लिट्टीपाड़ा विधायक प्रतिनिधि अजीजुल इस्लाम ने मौके पर भोजन कर गुणवत्ता को परखा।

# डीसी ने बिरसा हरित ग्राम योजना को दुरुस्त करने का दिया निर्देश



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ उपायुक्त मनीष कुमार ने शुक्रवार को हिरणपुर प्रखण्ड अन्तर्गत चल रही विभिन्न योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम हाथकाठी पंचायत अन्तर्गत गोविन्दपुर गांव में अब्दुल ओदुद अंसारी तथा रेहाना बीबी के जमीन पर बने बिरसा हरित ग्राम योजना का निरीक्षण किया। दोनों बिरसा हरित ग्राम योजना में जिंदा घेरान, जलकुंड, ट्रेंच कटिंग, एच टेका, नाडेप कार्य कराने का निर्देश रोजगार सेवक एवं कनीय अभियंता को दिया तथा प्राक्कलन के अनुरूप बड़ा, मजबूत एवं टिकाऊ सूचनापट्ट एक सप्ताह में बनाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी पंचायतों में बिरसा हरित ग्राम योजना में सुधार कराने हेतु रोजगार सेवकों, अभियंताओं को बीपीओ के जरिए निर्देश दिया।

तदोपरांत मोहनपुर पंचायत के शिवनगर गांव में लुखी मुर्मू तथा रसका सोरेन का अबुआ आवास कार्य को देखा जिसमें प्रगति करने का निर्देश दिया।

# उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का लिया जायजा, दिया निर्देश

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ उपायुक्त मनीष कुमार ने शुक्रवार को हिरणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल में रोगियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी लेते हुए, ओपीडी सेवाओं, भर्ती की सुविधा, प्रसव कक्ष, रोगी वार्ड एवं प्रसव कक्ष आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर मिल रही सुविधाओं के विषय में जानकारी भी प्राप्त की। मौके पर फाइलेरिया उन्मूलन हेतु एमडीए अभियान के तहत पांच लोगों को दवा का सेवन कराया। तत्पश्चात उपायुक्त ने वर्षों से निमार्णाधीन अधूरे पड़े अस्पताल का निरीक्षण किया तथा इसकी पूर्णता हेतु आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन लोगों को दिया।

# परीक्षा 2025 के प्रश्न पत्र वायरल मामले को ले डीसी -एसपी ने की बैठक

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के प्रश्न पत्र वायरल मामले को लेकर वीसी के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी, परीक्षा कार्य में प्रतिनियुक्त सभी केन्द्राधीक्षक, दंडाधिकारी, गश्ती दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, सभी केन्द्रों के वीक्षक के साथ बैठक किया। बैठक के दौरान उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के द्वारा सम्बन्धित सभी को परीक्षा कदाचार मुक्त सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश देते हुए बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से पता चला है कि अन्य जिला में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 20 फरवरी 2025 को प्रथम पाली का प्रश्न पत्र वायरल हो जाने के कारण झारखण्ड अधिविध परिषद द्वारा 20 फरवरी 2025 के प्रथम पाली में सम्पन्न विज्ञान विषय के परीक्षा को रद्द किया गया है।

पाकुड़ जिला में ऐसी घटना ना घटे इसके लिए प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी, वीक्षक सजग रहेंगे तथा बच्चों के परीक्षा कक्षा में प्रवेश के समय अच्छी तरह से तलाशी ले। प्रत्येक केन्द्राधीक्षक सीसीटीवी फुटेज के अनुश्रवण हेतु सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखेंगे। ताकि परीक्षार्थी, प्रतिनियुक्त कर्मियों एवं वीक्षकों को क्रियाकलापों की समीक्षा कर तदनुसार कारवाई की जा सके। किसी भी परिस्थिति में कोई भी अनैतिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। बैठक के दौरान सख्त ताकीद करते हुए कहा गया कि कोई भी प्रतिनियुक्त कर्मी शिक्षक, वीक्षक, पुलिस बल द्वारा अनैतिक गतिविधि में संलिप्ता पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कारवाई किया जायेगा।

# शिक्षा विभाग ने 412 पारा टीचर्स को किया बर्खास्त

**एनपीटी ब्यूरो**

झारखण्ड में पारा शिक्षकों के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाई हुई है। शिक्षा विभाग ने 412 पारा टीचरों को बर्खास्त कर दिया है। मामला पलामू जिला का है, जहां पारा शिक्षकों के खिलाफ लंबे समय से कारवाई अटकी हुई थी। जिले के 412 पारा शिक्षकों की जहां सेवा समाप्त कर दी गई है, तो वहीं 33 पारा शिक्षकों को राहत मिल गयी है। प्रथम अपीलीय पदाधिकारी सह -पलामू के उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर जिला शिक्षा अधीक्षक सह -जिला कार्यक्रम पदाधिकारी संदीप कुमार ने हटाये गये 412 पारा शिक्षकों की सूची जारी कर दी है। दअसल जांच में पाया गया कि सम्बन्धित पारा शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितता बरती गई थी। सभी की नियुक्ति नियम के विरुद्ध की गई थी। झारखण्ड हाइकोर्ट के निर्देश पर जांच समिति ने अवैध रूप से नियुक्त नौडीहा बाजार प्रखण्ड के 200 तथा छतरपुर प्रखण्ड के 247 पारा शिक्षकों को दस्तावेज के साथ अपना लिखित पक्ष/दावा रखने का निर्देश दिया गया था। सम्बन्धित सभी पारा शिक्षकों की चयन प्रक्रिया के दस्तावेजों की जांच के बाद 412 पारा शिक्षकों की सेवा समाप्त की गई।




प्रमाण पत्र सही पाए जाने वाले 33 पारा शिक्षकों की सेवा बहाल रखने का निर्देश दिया गया है। बताया जा रहा है कि पारा शिक्षक पलामू जिला के दो प्रखण्ड नौडीहा बाजार एवं छतरपुर प्रखण्ड से सम्बन्धित है। जारी सूची में 445 में 412 शिक्षकों की सेवा खत्म की गई है। इनमें नौडीहा बाजार प्रखण्ड के 180 तथा छतरपुर प्रखण्ड के 232 पारा शिक्षक (सहायक अध्यापक) है, जिनकी सेवा समाप्त की गई। इनमें नौडीहा बाजार प्रखण्ड के 200 में 199 तथा छतरपुर प्रखण्ड के 247 में 246 पारा शिक्षकों ने जांच समिति के समक्ष अपना लिखित पक्ष/ दावा समर्पित किया था। समिति ने करीब 445 पारा शिक्षकों के दस्तावेजों की जांच की। जानकारी के मुताबिक जांच रिपोर्ट में नौडीहा बाजार प्रखण्ड के 20 तथा छतरपुर प्रखण्ड के 29 पारा शिक्षकों के उपलब्ध कराये गये ग्राम शिक्षा समिति से चयन व प्रखण्ड अनुमोदन की प्रति प्रखण्ड कार्यालय में उपलब्ध अनुमोदन की प्रति से मेल नहीं खाती है।

वही नौडीहा बाजार प्रखण्ड के 151 व छतरपुर के 196 पारा शिक्षकों ने ग्राम शिक्षा समिति से चयन सम्बन्धित साक्ष्य उपलब्ध कराया था। बावजूद प्रखण्ड से अनुमोदन सम्बन्धी कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया। उसी तरह से नौडीहा बाजार प्रखण्ड के नौ और छतरपुर प्रखण्ड के सात पारा शिक्षकों के उपलब्ध साक्ष्य में पाया गया कि वे चयन के समय निर्धारित अर्हता पूरी नहीं करते हैं। जबकि नौडीहा बाजार प्रखण्ड के 19 व छतरपुर प्रखण्ड के 14 पारा शिक्षकों के चयन को ग्राम शिक्षा समिति से वैध पाया गया। अभ्यर्थियों के उपलब्ध कराये गये प्रखण्ड अनुमोदन की प्रति कार्यालय में उपलब्ध प्रति से मेल खाती है। इसलिए इनकी नौकरी बरकरार रखी गयी।

# अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक यादव व प्रदेश महामंत्री सौरभ यादव ने बिजनौर जनपद में पहुंचकर सदस्यता अभियान का किया विस्तार

**एनपीटी ब्यूरो**

गाजियाबाद। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट अशोक यादव जी व प्रदेश महामंत्री सौरभ यादव ने सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत प्रदेश व्यापारी दौरे पर बिजनौर के कई स्थानों पर जाकर कार्यक्रम किया जिसमें सक्रिय सदस्यता को बढ़ावा देने के साथ-साथ अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के इतिहास और यादव महासभा के उद्देश्यों से लोगों को अवगत कराया

अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा विगत 101 वर्षो से निरंतर कार्य कर रही है इसकी स्थापना सन् 1924 मे हुई थी वर्तमान मे यादव महासभा का सक्रिय सदस्यता



अभियान चल रहा है जिसमे अभी तक प्रदेश भर मे 1 लाख से अधिक सक्रिय सदस्य बन चुके हैऔर ये आंकडा निरंतर तेजी से बढ़ रहा है

इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रोफेसर डॉ योगेंद्र यादव जी ने यादव महासभा के योगदान का परिचय सभीको कराया और उन्होंने महासभा के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डाला कि किस प्रकार यादव समाज का सर्वांगीण विकास होना चाहिए हमारे समाज में किन कार्यक्रमों की आवश्यकता है कि जिनका अनुसरण करके अपने समाज का उत्थान कर सकते हैं और देश के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने में भागीदार बन सकते हैं

राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रोफेसर गिरधारी सिंह यादव ने भी सभी बुजुर्गों व नौजवान साथियों का इस कार्यक्रम में जुड़ने के लिए आभार प्रकट किया और सभी बुजुर्गों, नौजवान साथियों व माताओ बहनों ने सभी का स्वागत और अभिनंदन किया इस दौरान मुख्य रूप से प्रधान सतवीर सिंह, एडवोकेट मनोज यादव, शिवम यादव,अनिल यादव, मनोज फौजी, सतेंद्र यादव, रोहित यादव, जितेंद्र, नीरज आदि लोगों ने प्रमुख तौर पर अपनी भूमिका निभाई

# एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को रूपीक कम्पनी मे मिला प्लेसमेंट



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी में बी.एफ.एस.आई. सेक्टर की प्रसिद्ध कंपनी रूपीक द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया।

इस ड्राइव में एम.बी.ए., बी.बी.ए., बी.कॉम, बी.सी.ए. के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

ड्राइव का आरंभ कंपनी प्रोफाईल अथवा जॉब डिस्क्रिप्शन के बारे मे कंपनी के अधिकारीयों द्वारा बताकर किया गया !

इस ड्राइव में पर्सनल इंटरव्यू के माध्यम से 31 विद्यार्थियों का चयन कंपनी द्वारा किया गया।



इस अवसर पर सुन्दर दीप ग्रुप के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुंदरदीप समूह, अखिल अग्रवाल, एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो० (डॉ०) प्रसेंनजीत कुमार, प्रो० वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से०नि०), रजिस्ट्रार डॉ० राजीव रतन, अमित भारद्वाज, निदेशक (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट), प्रो. (डॉ०) हरीश तलूजा, निदेशक इंजिनियरिंग, प्रो० (डॉ०) दीपा कंवर, उप निदेशक तथा सभी कॉलेजों के निदेशक, विभागाध्यक्ष, और फैकल्टी सदस्यों द्वारा चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# एच एल एम कॉलेज गाज़ियाबाद में आयोजित हुई अंतर-विभागीय क्विज प्रतियोगिता



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गाजियाबाद। दिल्ली मेरठ रोड स्थित एच एल एम ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के ऑडिटोरीयम में अंतर विभागीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आज बी॰बी॰ए॰ एवं बी॰सी॰ए॰ विभाग के सभी वर्ग की अलग अलग टीम को मिलाकर 6 टीमों के मध्य प्रतियोगिता आयोजित हुई।सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल एवं एच एल एम कॉलेज के सहायक निदेशक डॉ. धीरज शर्मा जी ने दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ धीरज शर्मा जी ने प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए बताया की प्रतियोगिता में विजयी होने से ज्यादा प्रतियोगिता में भाग लेना आवश्यक है।आधी जीत तो भाग लेने मात्र से ही हो जाती है।

प्रतियोगिता में बी॰बी॰ए॰ प्रथम वर्ष की टीम विजयी हुई जिसमें सचिन, देवराज, अभिदित्य और निरंजन थे। उपविजयी टीम में बी॰सी॰ए॰के अमन, माही, तरुण और जतिन शामिल रहे। इसके उपरांत निर्णायकों एवं डॉ धीरज शर्मा जी ने पुरस्कार देकर छात्रों को सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। निर्णायकों में एच॰एल॰एम॰कॉलेज की प्राचार्य डॉ सुमनलता, महालक्ष्मी कॉलेज की प्राचार्य डॉ ममता रानी एवं एच॰एल॰एम॰ नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य डॉ रचना गुप्ता रही। प्रतियोगिता का सफल आयोजन बी॰सी॰ए॰ विभाग के प्रयास कौशिक एवं बी॰बी॰ए॰ विभाग की नेहा शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी सम्मानित शिक्षकगण, कर्मचारी व छात्र मौजूद रहे।अंतिम में महाविद्यालय के सहायक निदेशक डॉ धीरज कुमार शर्मा जी ने सबका धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में धूमधाम से मनाया गया मातृभाषा दिवस



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मेरठ। मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में एनएसएस इकाई, उन्नत भारत अभियान और संस्कृति छात्र समिति के संयुक्त तत्वावधान में मातृभाषा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, निदेशक डॉ. एस.के. सिंह, डीन एकेडमिक डॉ. संजीव सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. हनी तोमर एवं मीडिया हेड अजय चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने हिंदी लेखन, वाद-विवाद और चित्रकला प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. नीतिका वत्स और डॉ. हनी तोमर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह ने छात्रों को मातृभाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हिंदी भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मातृभाषा न केवल हमारी संस्कृति की पहचान है, बल्कि यह हमारे विचारों और भावनाओं को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम भी है।

संस्थान में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम ने छात्रों के बीच मातृभाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनकी रचनात्मकता और भाषाई कौशल को भी प्रोत्साहित किया।

# पी एन एन मोहन में शैक्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गाजियाबाद। विद्यालय पी एन एन मोहन में शैक्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने सभी विषयों से संबंधित क्रियात्मक मॉडल बनाए विद्यालय के चेयरमैन सुनील कुमार शर्मा मैनेजर श्रीमति संगीता शर्मा और प्रधानाचार्या श्रीमति शशी शर्मा ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने नन्हें विद्यार्थी जो प्रादेशिक वेश-भूषा और खाद्य पदार्थ के रूप में उपस्थित थे उनसे वातार्लाप की तत्पश्चात उन्होंने विद्?यार्थियों से उनके द्वारा बनाए गए मॉडल की पूर्ण जानकारी प्राप्त की और उनसे संबंधित खेल भी उत्साह-पूर्वक खेले और विद्यार्थियों का अपने शब्दों से उत्साहवर्धन





बढ़ाया प्रदर्शनी या विशेष आकर्षण महाकुम का मेला और केदारनाथ का मंदिर रहा जोकि अत्यंत लुभावना था। प्रदर्शनी के दौरान ही अभिभावको के लिए विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन भी किया गया जिसमें अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अत्याधिक सराहो विजेताओं को आकर्षक उपहार दिए गए।

# विश्वविद्यालय टॉप करने पर शोएबा कुरैशी को दो बैंकों ने किया सम्मानित



**नेशनल प्रेस टाइम्स।** मेरठ। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सरधना की होनहार छात्रा शोएबा कुरैशी ने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। एमए हिंदी में विश्वविद्यालय टॉप करने पर उन्हें बैंक ऑफ बड़ौदा और यूको बैंक द्वारा संयुक्त रूप से ?16,000 की धनराशि देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह का आयोजन चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर किया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा ने शोएबा को ?11,000 का चेक, जबकि यूको बैंक ने ?5,000 का चेक प्रदान कर उनकी असाधारण उपलब्धि की सराहना की। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति, बैंक अधिकारी, शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। शोएबा कुरैशी की यह उपलब्धि आसान नहीं थी। उन्होंने कठिन परिश्रम और समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल किया। शिक्षा के प्रति उनके समर्पण और मेहनत ने उन्हें विश्वविद्यालय में शीर्ष स्थान दिलाया। उनकी इस सफलता पर परिवार, गुरुजनों और मित्रों में हर्ष का माहौल है।

यह पहला अवसर नहीं है जब शोएबा को उनके शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया हो। इससे पूर्व, उन्हें उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में आयोजित चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह में कुलपति स्वर्ण पदक और जगदेव शांत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जा चुका है। शोएबा कुरैशी की सफलता अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर उन्होंने अपने गुरुजनों और माता-पिता का आभार व्यक्त करते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी निरंतर प्रयास और समर्पण के साथ अध्ययन करने की प्रेरणा दी।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार कार ट्रेलर में घुसी, ड्राइवर की मौके पर मौत, दो घायल

गाजियाबाद । क्षेत्रांतर्गत दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर हवा हवाई रेस्टोरेंट के पास मेरठ से गाजियाबाद की ओर जाने वाली लेन पर बृहस्पतिवार देर रात एक ट्रेलर का टायर फट गया। ट्रेलर का चालक टायर बदल रहा था।

इसी दौरान मेरठ से गाजियाबाद की ओर जा रही स्विफ्ट कार ट्रेलर में घुस गई।हादसे में कार सवार प्रवीण 30 पुत्र मुनेश पाल की मौत हो गई जबकि विनीत 36 व बंटी 30 गंभीर रूप से घायल हो गए।दोनों घायल मेरठ के रहने वाले हैं।पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है। सिहायक पुलिस आयुक्त सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि स्विफ्ट कार में सवार तीन व्यक्ति मेरठ की ओर से गाजियाबाद की तरफ जा रहे थे।जब ये बृहस्पतिवार रात करीब 11 बजे हवा हवाई रेस्टोरेंट से कुछ दूर आगे गाजियाबाद की ओर पहुंचे तो वहां सड़क किनारे ट्रेलर चालक ट्रेलर खड़ा करके टायर बदल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार में आई स्विफ्ट कार ट्रेलर में पीछे से टकरा गई।

# ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन गाजियाबाद ने जिला अधिकारी को सोपा ज्ञापन

## कुछ ट्रैफिक पुलिस की मिली भगत के कारण पांच पांच हजार रुपए लेकर पुरानी गाडी चलवाई जा रही

**नेशनल प्रेस टाइम्स। संवाददाता विक्की बागड़ी।** गाजियाबाद। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सौदान। सिंह गुर्जर ने बताया कि ठञ्र्‌ळश के तहत ठउफमें दस साल पुराने वाहन प्रतिबन्ध है कुछ ट्रैफिक पुलिस की मिली भगत के कारण पांच पांच हजार रुपए लेकर पुरानी गाडी चलवाई जा रही है पर प्रदूषण से आम जनता पहले ही परेशान है जगह जगह पुरानी गाडी खराब हो जाती है और जाम लगा देती है ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही के कारण ये धन्धा चलाया जा रहा है जो



कि सरकार की नितियो एवं नियमो के खिलाफ है।

जिला अध्यक्ष सौदान सिंह ने कहां की अगर हमारी मांग पूरी नहीं हुई तो ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन धरना। प्रदर्शन करेगा? ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी। दीपक धर्मेंद्र संरक्षक। अनूप बेरी संरक्षक। जिला अध्यक्ष सौदान सिंह गुर्जर। सुरेंद्र सिंह जिला महासचिव। इकबाल खान नरेश सिंह कोषाध्यक्ष। मनोज जिला उपाध्यक्ष। राजेश भारद्वाज जिला उपाध्यक्ष। राहुल शर्मा जिला उपाध्यक्ष। कुलदीप कुमार जिला उपाध्यक्ष। जावेद अली जिला उपाध्यक्ष। नमन महामंत्री

राम सकल सिंह संजय कुमार। कमलजीत सिंह। सुनील भारद्वाज। राजेंद्र सिंह। बुद्ध नारायण मिश्रा। विनोद अग्रवाल बृजेश सिंह। उपस्थित रहे।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।